# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, सोमवार 23 मार्च 2026


गृह मंत्रालय
भारत सरकार
सत्यमेव जयते

# हमारी जनगणना हमारा विकास

भारत की सबसे बड़ी जनभागीदारी प्रक्रिया **जनगणना 2027** शुरू हो रही है
यह सिर्फ **गणना** नहीं... यह है विकसित भारत @2047 का आधार

### जनगणना का पहला चरण

- मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना
- अप्रैल से सितंबर, 2026 - राज्य / संघ-राज्य क्षेत्र द्वारा चुनी हुई 30 दिन की अवधि में
- हर मकान की जानकारी दर्ज की जाएगी
- घर की स्थिति, सुविधाएँ और मूलभूत जानकारी संकलित की जाएगी

### स्व-गणना कैसे करें?

स्व-गणना (Self-Enumeration)
ऑनलाइन (se.census.gov.in) पोर्टल पर जायें, तथा SE ID प्राप्त करें

प्रगणक (Enumerator) आपके घर आयें तो उनके साथ SE ID साझा करें

### जनगणना से क्या लाभ?

- भविष्य की नीतियों का सटीक आधार
- संसाधनों का उचित वितरण
- सही जगह पर सही योजनाएँ
- बेहतर स्कूल, अस्पताल और सड़कें
- हर वर्ग और हर क्षेत्र का समुचित विकास

जनगणना बताती है — कहाँ ज़रूरत है, किसे मदद चाहिए, और देश को आगे कैसे बढ़ाना है

जनगणना का दूसरा चरण फरवरी, 2027 में

## चलो निभाएं अपनी ज़िम्मेदारी करें जनगणना में भागीदारी

### आपकी जानकारी पूरी तरह सुरक्षित

- जनगणना अधिनियम, 1948 के तहत गोपनीय रखी जाती है
- नाम और पहचान सार्वजनिक नहीं की जाती
- डेटा न टैक्स के लिए, न किसी जांच के लिए, सिर्फ राष्ट्र-निर्माण के काम आता है

### आपका सहयोग जरूरी है

- जब प्रगणक (Enumerator) आएं, सही और पूरी जानकारी दें
- आपकी एक सही जानकारी आने वाले कई वर्षों की योजनाओं की दिशा तय करती है
- सही जानकारी दें, गर्व से भाग लें, देश के विकास में साथ चलें



CensusIndia2027

CBC 19108/13/0026/2526

# बंगाल चुनावः किसी ने आंखों पर बांधी पट्टी, कोई बना 'नाई', उम्मीदवारों का अनोखा प्रचार शुरू

*कोलकाता। पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में इस बार प्रचार के अलग-अलग और अनोखे रंग देखने को मिल रहे हैं.।बीरभूम जिले के दुबराजपुर विधानसभा क्षेत्र में चुनावी माहौल के बीच कुछ ऐसे दृश्य सामने आए हैं, जिन्होंने लोगों का खासा ध्यान आकर्षित किया है। यहां राजनीतिक दल पारंपरिक रैलियों और भाषणों से अलग हटकर नए तरीके अपनाते नजर आ रहे हैं। इस अनोखे प्रचार तरीके को लेकर इलाके में चर्चा तेज हो गई है और लोगों के बीच इसे लेकर अलग-अलग प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं।*

## टीएमसी उम्मीदवार ने हांडी फोड़ खेला



दरअसल, ईद के मौके पर तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार नरेश चंद्र बाउरी एक कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने आंखों पर कपड़ा बांधकर हाथ में डंडा लेकर पारंपरिक 'हांड़ी फोड़' खेल में हिस्सा लिया। हालांकि वे हांड़ी तोड़ने में सफल नहीं हो सके, लेकिन उन्होंने इसे प्रतीकात्मक बताते हुए दावा किया कि इसी तरह भाजपा को भी चुनाव में हराया जाएगा।

### भाजपा उम्मीदवार साहा बने नाई

दूसरी ओर, भाजपा उम्मीदवार अनुप कुमार साहा का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें वे गांव के एक व्यक्ति की दाढ़ी बनाते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में वे नाई की भूमिका निभाते हुए दिख रहे हैं। यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है और लोग इसे भाजपा के अलग प्रचार अंदाज के रूप में देख रहे हैं।

### भाजपा की प्रतिक्रिया और सियासी बयान

तृणमूल उम्मीदवार के इस अंदाज पर भाजपा ने भी प्रतिक्रिया दी है। भाजपा उम्मीदवार और मौजूदा विधायक अनुप कुमार साहा ने कहा कि आंख बंद करके भाजपा को हराया नहीं जा सकता। उन्होंने आरोप लगाया कि इस तरह के कार्यक्रमों के जरिए लोगों को भ्रमित करने की कोशिश की जा रही है।

### टीएमसी नेता का बयान बना सियासी तूफान

पश्चिम बंगाल में चुनावी माहौल के बीच बोलपुर में एक बयान को लेकर राजनीतिक विवाद तेज हो गया है। पूर्व मंत्री चंद्रनाथ सिन्हा ने चुनाव प्रचार के दौरान भगवान रामचंद्र को लेकर विवादित टिप्पणी की। सभा में बोलते हुए चंद्रनाथ सिन्हा ने कहा कि बीजेपी उत्तर भारत की पार्टी है और रामचंद्र उत्तर भारत के देवता हैं। चंद्रनाथ सिन्हा ने एक चुनावी सभा में बोलते हुए कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यहां आकर इस बार 'जय श्रीराम' नहीं कहा, उन्होंने 'जय मां काली' कहा।

### ममता के गढ़ भवानीपुर में पोस्टर फाड़े जाने पर बवाल

कोलकाता। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निर्वाचन क्षेत्र व राज्य की सबसे हाईप्रोफाइल सीट भवानीपुर में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और विपक्षी भाजपा के बीच पोस्टर वार शुरू हो गया है। पोस्टर फाड़े जाने के आरोपों को लेकर तृणमूल और भाजपा दोनों ने कालीघाट पुलिस स्टेशन में एक दूसरे के खिलाफ शिकायतें दर्ज कराई हैं। भवानीपुर में शनिवार को तृणमूल कांग्रेस के पोस्टर फाड़े जाने के आरोपों को लेकर तनाव का माहौल छा गया। सत्ताधारी पार्टी ने इस घटना के पीछे भाजपा का हाथ होने का आरोप लगाया है।

## बंगाल चुनाव में भाजपा ने साधु-संत और पुजारियों को दिए टिकट

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अपनी चुनावी रणनीति में एक बड़ा बदलाव करते हुए कई संन्यासियों, महंतों और पुजारियों को उम्मीदवार बनाया है। पार्टी का लक्ष्य अपने उम्मीदवारों के आध्यात्मिक प्रभाव का लाभ उठाकर तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ चुनावी संभावनाओं को मजबूत करना है।

### प्रमुख उम्मीदवार और उनके चुनावी क्षेत्र

कालीगंज (उत्पल महाराज): भाजपा ने यहां से 42 वर्षीय सन्यासी उत्पल महाराज को टिकट दिया है। उन्होंने मौजूदा विधायक सौमेन रॉय की जगह ली है। वह टीएमसी के निताई बैश्य के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे। उलुबेरिया दक्षिण स्वामी मंगलानंद पुरी। उनका मुकाबला टीएमसी के मौजूदा विधायक पुलक रॉय से है। नवद्वीप से श्रुति शेखर गोस्वामी प्रतिष्ठित श्री श्री राधा सुदर्शन लाल जीयू मंदिर के पुजारी हैं। गोस्वामी का मुकाबला पांच बार के विधायक पुंडरीकाक्ष साहा से है। बेहाला पूर्व से शिव सोंग सेवा संघ के सन्यासी सुनील महाराज को इस सीट से उतारा गया है।

## असम

## कांग्रेस से आए सांसद को टिकट देने पर नाराज भाजपा विधायकों को मना रही पार्टी



एजेंसी ▶▶| कोच्चि

असम विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी के भीतर नेताओं की नाराजगी सामने आने लगी है। पार्टी टिकट से वंचित कई मौजूदा विधायक और दावेदार निर्दलीय चुनाव लड़ने की धमकी दे रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, इस स्थिति को संभालने के लिए मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और प्रदेश अध्यक्ष दिलीप सैकिया खुद आगे आकर नाराज नेताओं को मनाने की कोशिश कर रहे हैं।

बताया जा रहा है दोनों नेता उनकी बात मान गए हैं। हाल ही में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं प्रद्युत बोरदोलोई और भूपेन बोरा के बीजेपी में शामिल होने के बाद बोरदोलोई को दिसपुर सीट से बोरा को बिहपुरिया सीट से पार्टी टिकट दिए गया है। इस फैसले से पार्टी के कई पुराने दावेदारों में नाराजगी बढ़ गई है। दिसपुर सीट पर सबसे ज्यादा विरोध देखने को मिला यहां वरिष्ठ नेता जयंत दास को टिकट मिलने की संभावना थी, लेकिन अंतिम समय में बोरदोलोई को उम्मीदवार बनाए जाने से असंतोष बढ़ गया।

### हमारी क्षमता 160 तक सीटें जीतने की सीएम सरमा

असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा- हमारी क्षमता 160 तक सीटें जीतने की है। अभी चुनाव प्रचार शुरू नहीं हुआ है। 26 मार्च से मेरी रैली शुरू होंगी तब सीटों का अंदाज लग पाएगा। किसी की भी टिकट कट सकती है। कभी कभी टिकट कटने के बाद भाग्य खुल जाता है और उससे भी बड़ी चीज मिल जाती है। सभी को पार्टी के लिए खुश होकर काम करना चाहिए।पहली सूची में घोषित पार्टी उम्मीदवारों में उदंगश्री नरजारी (कोकराझार), मोमिनुर इस्लाम (बिलासीपारा), कौशिक रंजन दास (अभयपुरी), कल्याणी कलिता (बजाली), राजन चौहान (गोरेश्वर), हरे कृष्ण डेका (मंगलदाई), फजीउर रहमान लस्कर (काटीगोरा) और शाहजहां लस्कर (सोनाई) शामिल हैं।

## केरल

## असंतुष्ट नेताओं से चुनाव पर कोई असर नहीं पड़ेगा : माकपा

एलडीएफ का 110 सीट का लक्ष्य माकपा



कन्नूर (केरल)। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के केरल इकाई के सचिव एम वी गोविंदन ने रविवार को कहा कि पार्टी के असंतुष्ट नेताओं से सत्तारूढ़ वाम मोर्चे की आगामी विधानसभा चुनाव में संभावनाओं पर असर नहीं पड़ेगा और दलबदल करने वालों की संख्या ''नगण्य'' है।गोविंदन ने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राज्य में सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चे (एलडीएफ) का आगामी चुनाव में 110 सीट हासिल करने का लक्ष्य है। ज्ञात हो कि जी. सुधाकरन सहित चार वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी के खिलाफ बगावत कर दी है और वे निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। गोविंदन ने कहा, ''केरल में हमारे 5.5 लाख सदस्य और करीब 2.5 लाख समर्थक हैं।

## पुडुचेरी

## पुडुचेरी के पूर्व मंत्री ने भाजपा से इस्तीफा दिया

पार्टी उम्मीदवार के रूप में टिकट नहीं मिलने से था नाराज



पुडुचेरी। भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी और ऑल इंडिया एन. आर. कांग्रेस (एआईएनआरसी) के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार में पूर्व मंत्री रहे ए.के. साई जे. सरवन कुमार ने विधानसभा चुनावों में पार्टी उम्मीदवार के रूप में टिकट नहीं मिलने के कुछ दिनों बाद राष्ट्रीय पार्टी से इस्तीफा दे दिया। कुमार को ऊसुदु निर्वाचन क्षेत्र से दोबारा चुनाव लड़ने के लिए पार्टी का उम्मीदवार नहीं बनाया गया और भाजपा ने मनोनीत विधायक ई थीप्पैनथन को चुनावी मैदान में उतारा है। सरवन कुमार ने कहा कि उन्होंने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता और सभी जिम्मेदारियों से इस्तीफा दे दिया तथा उन्होंने इसके लिए पार्टी के स्थानीय नेताओं को जिम्मेदार ठहराया। कुमार ने बताया कि उन्होंने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन सहित अन्य लोगों को अपना त्यागपत्र भेज दिया है।

## तमिलनाडु

## द्रमुक के सहयोगी दल ने गठबंधन से समर्थन वापस लिया

अपनी पार्टी की 'उपेक्षा' से नाखुश



चेन्नई। तमिलनाडु में द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) की सहयोगी पार्टी तमिलगा वझ्वुरिमाई काची ने सत्तारूढ़ पार्टी के नेतृत्व वाले धर्मनिरपेक्ष प्रगतिशील गठबंधन (एसपीए) से अपना समर्थन वापस लेने का फैसला किया है। पार्टी के संस्थापक व पनरुति (कुड्डालोर जिला) विधानसभा क्षेत्र से मौजूदा विधायक वेलमुरुगन ने कहा कि अपनी पार्टी की 'उपेक्षा' और द्रमुक के ''धौंस जमाने वाले रवैये'' से नाखुश होकर यह फैसला लिया गया। वेलमुरुगन ने यहां पत्रकारों से कहा मैं सरकार से बार-बार कुछ मांगें पूरी करने का आग्रह करता रहा हूं। लेकिन द्रमुक इसे नजरअंदाज करती रही है। उन्होंने कहा कि उनका संगठन तमिलनाडु में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल नहीं होगा।

## राशिद अल्वी ने कहा-सीपीएम भाजपा की भाषा बोल रही



केरल विधानसभा चुनाव पर कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने कहा- सीपीएम भाजपा की भाषा में बात कर रही है, और यही कारण है कि केरल और दिल्ली दोनों जगह यह धारणा बनी हुई है कि वे पर्दे के पीछे मिलकर काम कर रहे हैं, एक खेल खेल रहे हैं, और केरल में कांग्रेस को हराने का प्रयास कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### दो नाबालिगों से 4.54 लाख का गांजा बरामद



**सूरत।** गुजरात के सूरत में 17 वर्षीय दो लड़कों के पास से 4.54 लाख रुपये मूल्य का गांजा बरामद करके उन्हें हिरासत में लिया गया। पुलिस ने शनिवार को एक गुप्त सूचना के आधार पर बिहार से आए दोनों आरोपियों को उधना भाथेना इलाके में एल एन पार्क सोसाइटी के पास उस समय रोका जब वे एम-4 बाजार की ओर जा रहे थे। दोनों के पास से 9.08 किलोग्राम मादक पदार्थ बरामद किया गया।

### बहराइच में हाथी के हमले में महिला की मौत

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य क्षेत्र के भवानीपुर गांव में रविवार सुबह जंगल के किनारे हाथी के हमले में एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि पिछले 36 दिनों में हाथी के हमले में किसी व्यक्ति की मौत की यह तीसरी घटना है, जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य के प्रभागीय वनाधिकारी अपूर्व दीक्षित ने बताया कि कतर्निया रेंज के भवानीपुर गांव की 80 वर्षीय कुवारिया देवी जंगल से सटे अपने खेत में बकरियां चरा रही थीं।

### पुलिया के नीचे गिरी बाइक चार युवकों की मौत

**मंडला (मप्र)।** मध्यप्रदेश के मंडला जिले में एक मोटरसाइकिल के अनियंत्रित होकर जर्जर पुल से नीचे गिर गई जिस कारण वाहन पर सवार चार युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यह घटना शनिवार रात लगभग आठ बजे के करीब जिले के बीजाडांडी थाना क्षेत्र के भैंसवाही गांव के पास हुई जब एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर चार युवक पौड़ी गांव से भैसवाही गांव की ओर जा रहे थे। थाना प्रभारी अनीता कुड़ापे ने बताया कि पुल से गुजरने के दौरान सड़क के गड्ढे के कारण मोटरसाइकिल नीचे गिर गई।

## रूस व अमेरिका से पहुंचे तेल और गैस के जहाज

राज्यों को मिलेगी 20% ज्यादा एलपीजी

### भारत में ऊर्जा संकट का समाधानः मिडिल ईस्ट युद्ध के बीच भारत के लिए राहत!

### रूस और अमेरिका से कच्चे तेल व गैस के जहाज गुजरात और मंगलुरु पहुंचे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



दुनिया के सबसे संवेदनशील समुद्री मार्ग 'होर्मुज जलडमरूमध्य' में जारी संघर्ष के बावजूद भारतीय टैंकरों ने अपनी सप्लाई चेन को बरकरार रखा है। रविवार को अमेरिका के टेक्सास से एलपीजी लेकर एक कार्गो शिप मंगलुरु पोर्ट पहुंचा, जबकि रूस से क्रूड ऑयल लेकर एक अन्य जहाज ने भारतीय तट पर दस्तक दी। देश में गैस की संभावित किल्लत को देखते हुए केंद्र सरकार ने सख्त कदम उठाए हैं। आज 23 मार्च से राज्यों को मिलने वाली एलपीजी सप्लाई में 20% की बढ़ोतरी की जाएगी।

मिडिल ईस्ट में जारी भीषण युद्ध के मद्देनजर भारत ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर अपनी निर्भरता को कम करने के लिए कई कदम उठा हैं, जिसके नतीजे अब जमीनी स्तर पर दिखने लगे हैं। अधिकारियों के अनुसार, जहाज से कच्चे तेल को सीधे रिफाइनरी तक पहुंचाने के लिए समुद्र के अंदर बिछी पाइपलाइनों का इस्तेमाल किया जाएगा। इससे न केवल समय की बचत होगी, बल्कि परिवहन के दौरान होने वाले जोखिम को भी कम किया जा सकेगा।

### अमेरिका से आई एलपीजी मंगलुरु पोर्ट पहुंची

मंगलुरु पहुंचे 'एक्वा टाइटन' के अलावा अमेरिका के टेक्सास से एलपीजी लेकर जहाज 'पिक्सिस पायोनियर' रविवार सुबह भारत पहुंच गया है। जहाज में मंगलुरु पोर्ट पर सफलतापूर्वक डॉक हो गया। रूस-अमेरिका से आई ये दोनों खेप ऐसे वक्त में आई हैं, जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में सप्लाई चेन को लेकर काफी अनिश्चितता बनी हुई है। भारत के लिए रूस और अमेरिका दोनों से एक साथ ऊर्जा आपूर्ति मिलना एक बड़ी रणनीतिक जीत मानी जा रही है।

### रूस से आया क्रूड ऑयल

इसी क्रम में रूसी क्रूड ऑयल से लदा जहाज एक्वा टाइटन शनिवार-रविवार की दरमियानी रात को कर्नाटक के मंगलुरु पोर्ट पहुंच गया है, जहां वह समुद्र में लंगर डाले खड़ा है। यहां से पाइपलाइनों के जरिए कच्चा तेल रिफाइनरी तक पहुंचाया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार रूस का ये जहाज मूल रूप से चीन जा रहा था, लेकिन बीते दिनों इस जहाज को दक्षिण चीन सागर में कोर्स बदलकर भारत की ओर मोड़ दिया गया था।

### एक सप्ताह में 5 जहाज पहुंचे भारत

पिछले 7 दिनों में करीब पांच जहाज गैस-कच्चा तेल लेकर समुद्र के रास्ते भारत पहुंचे। इससे पहले 18 मार्च को क्रूड ऑयल टैंकर 'जग लाडकी' गुजरात में अडाणी पोर्ट्स आया था। वहीं, दो अन्य एलपीजी कैरियर एमटी शिवालिक और एमटी नंदा देवी करीब 92,712 मीट्रिक टन गैस लेकर 16 और 17 मार्च को भारत आए थे। हालांकि, ये तीनों जहाज होर्मुज के रास्ते से होकर गुजरे थे।

### आज से राज्यों को 20% ज्यादा सप्लाई

देश में गैस की संभावित किल्लत को देखते हुए केंद्र सरकार ने सख्त कदम उठाए हैं। आज 23 मार्च से राज्यों को मिलने वाली एलपीजी सप्लाई में 20% की बढ़ोतरी की जाएगी। सामुदायिक रसोई, अस्पतालों, होटलों और औद्योगिक कैंटीनों को गैस आपूर्ति में प्राथमिकता मिलेगी। मजदूरों को 5 किलो वाले 'फ्री ट्रेड एलपीजी' सिलेंडर आसानी से उपलब्ध कराए जाएंगे।

## महंगा हो सकता है हवाई सफर सरकार ने किराए से प्रतिबंध हटाया

घरेलू उड़ानों पर लगा अस्थायी प्रतिबंध आज से समाप्त



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में घरेलू उड़ानों से सफर महंगा हो सकता है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने घरेलू हवाई किराए पर लगाए गए अस्थायी प्रतिबंधों को हटा दिया है। यानी अब एयरलाइंस घरेलू विमानों का किराया सीटों की मांग की हिसाब से बढ़ा सकेंगी। ये आदेश 23 मार्च से लागू हो जाएगा।

सरकार ने दिसंबर, 2025 में इंडिगो संकट के बाद उड़ानों पर अधिकतम किराया निर्धारित किया था, जिसे अब हटाया गया है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा, मौजूदा युद्ध की स्थिति का एविएशन सेक्टर पर असर पड़ सकता है। यह सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं कि किराए में बढ़ोतरी का बोझ यात्रियों पर न पड़े। तेल की कीमतों और एविएशन टर्बाइन फ्यूल की कीमतों पर असर निश्चित रूप से पड़ेगा, लेकिन इसका असर संचालन और यात्रियों पर नहीं पड़ना चाहिए। हम देखेंगे कि यात्रियों के लिए हम सबसे बेहतर क्या कर सकते हैं।

### आज से लागू हो जाएगा आदेश

मंत्रालय ने आदेश में कहा कि 6 दिसंबर, 2025 को लागू की गई ये सीमाएं इंडिगो संकट के बाद टिकट की कीमतों में असामान्य वृद्धि को रोकने और यात्रियों के हितों की रक्षा करने और सीमित क्षमता की अवधि के दौरान वहनीयता सुनिश्चित करने के लिए लागू की गई थीं। परिचालन सामान्य हो जाने और क्षमता बहाल हो जाने के बाद सरकार ने 23 मार्च, 2026 से किराया सीमा को हटाने का निर्णय लिया है।

### एयरलाइन जिम्मेदारी से लें फैसला : मंत्रालय

मंत्रालय ने एयरलाइनों को मूल्य निर्धारण में अनुशासन बनाए रखने और जिम्मेदारी से काम करने का निर्देश दिया है ताकि यात्रियों के हितों पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। सरकार ने यह भी चेतावनी दी कि किराए में किसी भी प्रकार की अत्यधिक या अनुचित वृद्धि खासतौर पर मांग बढ़ने, व्यवधानों या आपात स्थितियों के दौरान को गंभीरता से लिया जाएगा।

### क्या संकट जिस पर बना था नियम

दरअसल, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने 1 नवंबर, 2025 से पायलटों और अन्य चालक दल सदस्यों के काम से जुड़े नियमों में बदलाव किए थे। इसकी वजह से इंडिगो में कर्मचारियों की कमी हो गई और हजारों उड़ानें रद्द हुई थीं। इस दौरान अन्य एयरलाइंस ने घरेलू उड़ानों का किराया 50,000 रुपये तक बढ़ा दिया था। इसे रोकने के लिए सरकार ने दूरी के हिसाब से अधिकतम किराया निर्धारित कर दिया था।

## आंध्र प्रदेश में हादसा

## मिलावटी दूध पीने से अब तक 16 की मौत, 3 की हालत गंभीर

एजेंसी ▶▶| पूर्वी गोदावरी

आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले में मिलावटी दूध पीने से मरने वाले की संख्या बढ़कर 16 हो गई है। इसी तरह 3 अन्य लोगों का राजमहेन्द्रवरम के अस्पतालों में इलाज चल रहा है। यह घटना फरवरी के मध्य की है, जब लालचेरुवु के कुछ हिस्सों में आपूर्ति किए गए मिलावटी दूध के कारण कथित तौर पर कई ग्राहक गंभीर रूप से बीमार पड़ गए थे। इस घटना ने क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा मानकों को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं। यह मामला औपचारिक रूप से परसों सामने आया था। उस समय लालाचेरुवु के चौदेश्वरनगर और स्वरूपनगर क्षेत्रों के निवासियों ने स्थानीय रूप से आपूर्ति किए गए दूध का सेवन करने के बाद उल्टी, पेट दर्द, पेशाब करने में असमर्थता और तीव्र गुर्दे की खराबी सहित गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं की शिकायतें की थीं।

### प्रयोगशाला जांच में क्या सामने आया?

स्वास्थ्य विभाग की विज्ञप्ति के अनुसार, प्रयोगशाला जांच के नतीजों से पता चला है कि 16 पीड़ितों की मौत एथिलीन ग्लाइकॉल नामक जहरीले पदार्थ से दूषित दूध पीने के बाद किडनी फेल होने के कारण हुई। इसके चलते उनके शरीर के कई अंगों ने काम करना बंद कर दिया था।

## तिरुपति बालाजी दुनिया का तीसरा सबसे अमीर धर्मस्थल

## देश के सबसे अमीर मंदिर, जिनके पास है सोना-चांदी हीरे व जवाहरात और बेशुमार दौलत का भंडार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में कई ऐसे मंदिर हैं, जहां पर हर साल करोड़ों रुपये का चढ़ावा चढ़ता है। इसलिए इन मंदीरों के पास बेशुमार दौलत है। कई मंदिरों के बैंकों में हजारों करोड़ रुपये जमा है। साथ ही सोना-चांदी और हीरे-जवाहरात का बड़ा खजाना मंदिरों के पास है। भारत के टॉप 10 सबसे अमीर मंदिरों के पास 9 लाख करोड़ से ज्यादा की संपत्ति है।



ग्लोबल वेल्थ इंडेक्स-2026 के मुताबिक तिरुपति बालाजी मंदिर 3.38 लाख करोड़ की चल-अचल संपत्ति के साथ दुनिया का तीसरा सबसे अमीर धर्मस्थल है।

**100 देशों की जीडीपी से ज्यादा तिरुपति की संपत्ति** : इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड और वर्ल्ड बैंक के डेटा के मुताबिक तिरुपति मंदिर की कुल संपत्ति साइप्रस, आइसलैंड, एस्टोनिया जैसे 100 छोटे देशों की जीडीपी से भी ज्यादा है। यहां सामान्य और खास दिनों में औसतन 1 से 5 करोड़ तक का चढ़ावा आता है।

**वैष्णो देवी मंदिर, जम्मू काश्मीर**

जम्मू में वैष्णो देवी मंदिर, जो 5,200 फीट की ऊंचाई पर स्थित है, को पिछले दो दशकों में 1,800 किलोग्राम से ज्यादा सोना और 4,700 किलोग्राम चांदी मिली है, साथ ही 2,000 करोड़ से ज्यादा का कैश चढ़ावा भी मिला है।

**शिर्डी साईं बाबा मंदिर, महाराष्ट्र**

शिर्डी साईं बाबा मंदिर को सालाना 400 करोड़ से ज़्यादा का दान मिलता है। यह लोकप्रिय मंदिर हजारों लोगों को मुफ्त खाना खिलाता है, जो धार्मिक महत्व को असरदार सामुदायिक सेवा के साथ मिलाता है।

**गोल्डन टेम्पल, अमृतसर**

सिख धर्म में आध्यात्मिक महत्व के लिए मशहूर गोल्डन टेम्पल हर साल लगभग 500 करोड़ कमाता है और यह एकता, शांति और सामूहिक भक्ति का प्रतीक है।

**मीनाक्षी मंदिर, मदुरै**

अपनी शानदार द्रविड़ वास्तुकला के लिए मशहूर मीनाक्षी मंदिर में रोज़ 20,000 से ज्यादा लोग आते हैं और धार्मिक कार्यक्रमों, दान और मंदिर की गतिविधियों से हर साल लगभग 6 करोड़ की कमाई होती है।

**पद्मनाभस्वामी मंदिर, केरल**



अपने छिपे हुए खजानों के लिए मशहूर, तिरुवनंतपुरम के इस मंदिर के पास 1.2 लाख करोड़ की संपत्ति है, जिसमें सोने के गहने, पन्ने, हीरे और गुप्त भूमिगत कमरों से मिली पुरानी चीजें शामिल हैं। इस मंदिर के खजाने में हीरे, सोने के गहने और सोने की मूर्तियां शामिल हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मंदिर की 6 तिजोरियों में करीब 20 अरब डॉलर की संपत्ति रखी है। इतना ही नहीं, गर्भगृह में भगवान विष्णु की एक विशाल स्वर्ण मूर्ति स्थापित है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 500 करोड़ रुपये बताई जाती है।





# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, सोमवार 23 मार्च 2026




# वनांचल को भी मिलेंगी राजनांदगांव जैसी सुविधाएं और संसाधनः सांसद पांडे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के अंबागढ़ चौकी क्षेत्र में आईएनएच-हरिभूमि द्वारा आयोजित जिला संवाद कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण मंच साबित हुआ, जहां छत्तीसगढ़ की साय सरकार के दो वर्ष पूरे होने के अवसर पर स्थानीय विकास, सरकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत और भविष्य की चुनौतियों पर खुली व बेबाक चर्चा हुई। इस कार्यक्रम ने जनता, जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक ▶▶| शेष पेज 5 पर

खास खबर

## आईएनएच- हरिभूमि के प्रधान संपादक हिमांशु द्विवेदी का सांसद से जिला संवाद

■ **सवाल** : मोहला-मानपुर क्षेत्र आपको कितना डराता है या कितना लुभाता है ?

■ **जवाब** : बस्तर और वनवासी क्षेत्र से शुरू से मेरा लगाव रहा है, इस सत्र में जितना दौरा मैंने मानपुर मोहला का किया है वो किसी और जिले का नहीं किया है। यह क्षेत्र मुझे बहुत भाता है।



■ **सवालः** क्या वजह है कि 4 जिलों में मानपुर मोहला का दौरा आपने सबसे ज्यादा किया, यहां की कौन सी चीज आपको लुभाती है ?

■ **जवाबः** पीएम नरेंद्र मोदी ने मानपुर मोहला अम्बागढ़ चौकी को आकांक्षी जिलों में शामिल किया है क्योंकि परिवार के सबसे छोटे और कमजोर बेटे पर अधिक ध्यान देना परिवार के मुखिया का कर्तव्य होता है। कांग्रेस ने इस क्षेत्र लोगों के साथ और अन्य आदिवासी बाहुल्य जिलों के साथ भेदभाव किया है।

### कांग्रेस ने कहा, दो साल से काम रुका

जनप्रतिनिधियों के पैनल में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुरजीत सिंह ठाकुर ने जिला विकास के मुद्दे को लेकर कहा कि कांग्रेस ने जिला बनाया। अब दो साल से काम रुका पड़ा है। राजनांदगांव-अंबागढ़ चौकी सड़क जर्जर हो गई है। इस सड़क में अब री-टेंडर हो रहा है। शिक्षा को लेकर उन्होंने कहा कि यहां आत्मानंद स्कूल कांग्रेस सरकार ने खोला। पुल-पुलिया पर भी काम हुआ। भोजटोला और तोड़के का पुल ▶▶| शेष पेज 5 पर

जिले के विकास और समस्याओं पर होगा मंथन

## *हरिभूमि आईएनएच का जिला संवाद आज रामानुजगंज में*

*हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलरामपुर*

*हरिभूमि- आईएनएच के 'जिला संवाद 2026' का आयोजन सोमवार 23 मार्च को रामानुजगंज में किया जा रहा है। शाम 5 बजे से काका लरंगसाय कम्युनिटी हाल में आयोजित कार्यक्रम में कृषि मंत्री रामविचार नेताम सहित जनप्रतिनिधियों एवं कलेक्टर, एसपी से प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी चर्चा करेंगे। छत्तीसगढ़ सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर जिले के विकास में कारगर हो रही योजनाओं और विकास कार्यों व समस्याओं पर विस्तार* ▶▶| शेष पेज 5 पर

# खल्लारी मंदिर का रोप-वे टूटा, खाई में गिरी ट्राली, महिला की मौत, 17 घायल

*महासमुंद जिले के खल्लारी माता मंदिर में दैवीय तीर्थ एवं पर्यटन स्थल खल्लारी में रोप-वे टूटने से एक महिला की मौत हो गई और 17 लोग घायल हो गए। घायलों में पांच की हालत गंभीर है, जिन्हें इलाज के लिए रायपुर भेजा गया है। यह सभी लोग चैत्र नवरात्रि के चौथे दिन दर्शन करने आए थे। दर्शन के बाद कुछ श्रद्धालु रोप-वे की ट्रॉली से नीचे उतर रहे थे। तभी अचानक केबल टूट गया। ट्रॉली पहाड़ी से टकराई और उसमें बैठे लोग करीब 20 फीट नीचे गिर गए।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नवरात्रि पर्व पर माता दर्शन कर लौट रहा परिवार हादसे का शिकार हो गया। एक ही परिवार के 5 लोग इष्ट मित्रों के साथ माता दर्शन के लिए खल्लारी पहुंचे थे। पहले उन्होंने नीचे खल्लारी माता के दर्शन किए और रोप-वे के माध्यम से ही ऊपर पहुंचे, जहां दर्शन के बाद जैसे ही रोपवे में बैठे ट्रॉली के कुछ दूर जाते ही केबल टूट गया और पूरी ट्रॉली गेंद की तरह पड़ाड़ से लुढ़कती हुई नीचे के मैदानी क्षेत्र तक जा पहुंची।

बता दें कि दोनों ट्रॉलियां एक दूसरे से अटैच हैं। नीचे वाली ट्रॉली के ऊपर जाने के साथ ही ऊपर वाली ट्रॉली नीचे की ओर आती है। ▶▶| शेष पेज 5 पर

## रायपुर निवासी 28 वर्षीय युवती आयुषी की मौके पर हुई मौत







### यह हैं घायल और मृतक

अनुविभागीय अधिकारी नमिता मारकोले के अनुसार घायलों में गोविंद स्वामी, नमिता स्वामी, अंशुका स्वामी (महासमुंद), हेमलाल नागेश्वर, रतन नागेश्वर, हेमिन, हुलसी, पूर्वी, टिया, अमलेश (टिकरापारा, रायपुर), टोमेश्वरी साहू, कुमेश साहू, हर्ष साहू (दलदल सिवनी, रायपुर) ऋषभ धावरे, छ्यांश, मनस्वी (राजा तालाब, रायपुर) है। राजा तालाब निवासी एक महिला आयुषी की मौत हो गई है। 8 घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया है।

### *सीएम बोले-दुःखद एवं पीड़ादायक*

*मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि महासमुंद जिले के खल्लारी माता मंदिर में हुई रोप-वे दुर्घटना की सूचना अत्यंत दुःखद एवं पीड़ादायक है। दुर्घटना में एक श्रद्धालु के निधन के समाचार से मन व्यथित है। मेरी गहरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें एवं परिजनों को इस असहनीय दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करें। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही संबंधित अधिकारियों को घायलों के बेहतर उपचार हेतु आवश्यक निर्देश दे दिए गए हैं। इस घटना की विस्तृत जांच की जाएगी और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। मां खल्लारी माता से प्रार्थना है कि इस दुर्घटना में घायल सभी श्रद्धालुओं को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।*
*॥ॐ शांति॥*

उपवन क्षेत्रपाल सहित पांच वनकर्मियों पर गिरी गाज

# हिरणों पर कुत्तों का हमला 15 की मौत, 5 कर्मी सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अम्बिकापुर

संजय वन वाटिका में 24 घंटे के भीतर 15 हिरणों की मौत होने से वन अधिकारियों में हड़कंप मच गया है। वन अधिकारी हिरणों की मौत कुत्तों के हमले से होने की बात कह रहे हैं।

खास खबर

मामले में सीसीएफ एवं डीएफओ ने एक उपवन क्षेत्रपाल सहित पांच वनकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। संभाग मुख्यालय अम्बिकापुर में रामानुजगंज मार्ग पर दशकों से संजय वन वाटिका का संचालन किया जा रहा है। वर्ष 1980 में सूखा राहत मद से वाटिका का ▶▶| शेष पेज 5 पर



### रेंजर को भेजा नोटिस

वन अधिकारियों के अनुसार मामले की प्राथमिक जांच में वनकर्मियों की बड़ी लापरवाही सामने आई है।

डीएफओ ने अपने प्रतिवेदन में वाटिका में पदस्थ सभी वनकर्मियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की अनुशंसा की है डीएफओ के प्रतिवेदन पर सीसीएफ ने उपवन क्षेत्रपाल अशोक सिन्हा, वनपाल श्रीमती ममता परते, श्रीमती प्रतिमा लकड़ा एवं श्रीमती विंदु सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया ▶▶| शेष पेज 5 पर

### *चल रही जांच*

*फॉरेस्ट एसडीओ के नेतृत्व में एक जांच दल गठित किया गया है जो घटना की जांच कर रहा है। जांच प्रतिवेदन के अनुसार दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाएगी।*

*अभिषेक जोगावत, डीएफओ, सरगुजा*








# हिरणों की मौत: भगवान भरोसे छोड़ दी थी वाटिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अलग खबर

संजय वन वाटिका में कुत्तों के हमले में 24 घंटे के भीतर 15 हिरणों की मौत होने के मामले में वन अधिकारियों की बड़ी लापरवाही सामने आई है। संजय वन वाटिका की प्राकृतिक सुंदरता एवं वाटिका में रह रहे वन्य जीवों को देखने हर दिन संभाग के विभिन्न क्षेत्रों से 300 से अधिक पर्यटक पहुंचते हैं। विभाग पर्यटकों से 20 रूपए की दर से राशि वसूलता है। वाटिका से चंद कदमों की दूरी पर ही विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की आवासीय कॉलोनी है लेकिन किसी भी अधिकारी ने वाटिका की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने की जरूरत नहीं समझी। दो साल पूर्व वाटिका के पिछले हिस्से में आवारा कुत्तों की भीड़ देख तत्कालीन मुख्य वन संरक्षक ने कड़ी नाराजगी जताई थी।





## विभाग एवं समिति के बीच विवाद की चर्चा

लोगों में चर्चा है कि वनकर्मियों एवं समिति के सदस्यों के बीच किसी बात को लेकर लम्बे समय से विवाद चल रहा है। चर्चा में जहर देकर हिरणों को मारने की बात कही जा रही है। सुबह हिरणों के बाड़े के पास एक खून से सना धारदार हथियार भी मिला है। वन अधिकारी हथियार को पीएम करने वाले चिकित्सकों का तथा भूलवश पीएम स्थल पर छूट जाने की बात कह रहे हैं।

## सार्वजनिक हो जांच रिपोर्ट

रिटायर्ड एडिशनल एसपी एवं वन्यजीव व परीक्षी प्रेमी नरेन्द्र वर्मा ने बताया कि शहरी क्षेत्र के कुत्तों में जंगली कुत्तों की तरह वन्य जीवों का शिकार करने की प्रवृत्ति नहीं होती। 4-5 आवारा कुत्तों द्वारा तड़के 3-4 बजे के मध्य हुए हमले एवं हमले में इतनी अधिक संख्या में हिरणों की मौत किसने देखा है अभी तक स्पष्ट नहीं हुआ है।

## जू अथॉरिटी की मान्यता जरूरी

वन्य जीव प्रेमी नितिन सिंघवी ने वन अधिकारियों पर जू अथॉरिटी की अनुमति लिए बिना ही संजय वन वाटिका में रेस्क्यू सेंटर चलाने का आरोप लगाया है उन्होंने बताया कि वन अधिकारी संजय वन वाटिका में जू नहीं रेस्क्यू सेंटर संचालित करने की बात कह रहे हैं। रेस्क्यू सेंटर के लिए भी सेंट्रल जू अथॉरिटी की अनुमति जरूरी है। रेस्क्यू सेंटर में किसी वन्यजीव को प्रदर्शन के लिए नहीं रखा जा सकता।

### इक्का-दुक्का डाक्टरों के भरोसे जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में तो संख्या ना के बराबर

# संकट में महिलाओं की सेहत, सरकारी अस्पतालों में केवल 28 फीसदी स्त्री रोग विशेषज्ञ, नौ जिलों में आंकड़ा शून्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

स्वास्थ्य सेवा के विस्तार के लिए बनाए जाने वाली योजनाओं में मानव संसाधन की कमी सबसे बड़ी दिक्कत बनी हुई है। सरकारी अस्पतालों में वैसे तो स्त्री रोग विशेषज्ञों के 306 पद स्वीकृत हैं, मगर उनमें काम करने वाले डाक्टरों की संख्या महज 28 फीसदी यानी केवल 87 है। महिलाओं की सेहत पर संकट का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि नौ जिले में सरकारी अस्पताल बिना स्त्री रोग विशेषज्ञों के चल रहा है। इन डाक्टरों की कमी की वजह से महिला संबंधी रोगों के इलाज में दिक्कत हो रही और सामुदायिक स्तर के स्वास्थ्य केंद्रों में प्रसव सुविधा भी प्रभावित हो रही है।

स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर बनाने के लिए विभागीय स्तर पर लगातार प्रयास तो हो रहे हैं, मगर नियमित स्तर डाक्टर सहित अन्य लोगों की भर्ती नहीं होने की वजह से की जाने वाली कोशिश कारगर नहीं हो रही है। राज्य में विशेषज्ञ डाक्टरों की कमी से स्वास्थ्य महकमा जूझ रहा है। राज्य के सरकारी अस्पतालों में स्त्री रोग विशेषज्ञों की 72 फीसदी कमी है। राज्य में कोई जिला ऐसा नहीं है, जहां सरकारी



अस्पतालों में स्वीकृत महिला विशेषज्ञों के सेटअप के अनुसार पूरे डाक्टर काम कर रहे हों। राजधानी से संबंधित रायपुर जिले के डिस्ट्रिक हास्पिटल सहित अन्य सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में स्त्री रोग विशेषज्ञ के 13 पदों की तुलना में आठ डाक्टर काम कर रहे हैं और पांच पद रिक्त हैं। विधानसभा में विधायक धरमलाल कौशिक द्वारा पूछे गए सवाल के लिखित जवाब में स्वास्थ्य मंत्री ने जानकारी दी थी कि स्वास्थ्य सेवाओं में विशेषज्ञता की आवश्यकताओं को देखते हुए 6 महिला रोग विशेषज्ञों की सेवाएं ली जी रही हैं। इनमें तीन सीएमएचओ और तीन स्वास्थ्य संचालनालय में उपसंचालक के पद पर कार्यरत हैं। नियमित अधिकारियों की नियुक्ति के बाद इन डाक्टरों की मूल पदों पर पदस्थ करने की कार्रवाई की जाएगी।

## कई जिलों में कम

| जिला | स्वीकृत | कार्यरत |
|---|---|---|
| सूरजपुर | 13 | 02 |
| एमसीबी | 09 | 01 |
| जशपुर | 18 | 03 |
| कोरिया | 05 | 02 |
| बलरामपुर | 06 | 02 |
| सरगुजा | 13 | 02 |
| सारंगढ़-बिला. | 07 | 01 |
| मुंगेली | 07 | 02 |
| रायगढ़ | 12 | 04 |
| कोरबा | 05 | 05 |
| जीपीएम | 06 | 02 |
| बिलासपुर | 08 | 07 |
| मोहला-मान. | 05 | 01 |
| बस्तर | 11 | 10 |
| नारायपुर | 06 | 05 |
| बीजापुर | 11 | 10 |
| सुकमा | 04 | 04 |
| कांकेर | 12 | 01 |
| दुर्ग | 15 | 06 |
| गरियाबंद | 08 | 02 |
| महासमुंद | 07 | 03 |
| धमतरी | 09 | 04 |
| बलौदाबाजार | 10 | 04 |
| रायपुर | 13 | 08 |

## चिकित्सा शिक्षा में भी पर्याप्त नहीं

सरकारी अस्पतालों के तरह चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा संचालित मेडिकल कालेजों के अस्पताल में भी महिला रोग के इलाज के लिए पर्याप्त संख्या में डाक्टर नहीं हैं। रायपुर, बिलासपुर जैसे कुछ चिकित्सा महाविद्यालयों को छोड़ दिया जाए तो अन्य मेडिकल कालेज से संबंधित अस्पतालों में महिला रोग विशेषज्ञों की कमी है, हालांकि संविदा आधार पर वव्यस्था के बाद उनका काम चल जाता है।

## इन जिलों में महिला रोग विशेषज्ञ ही नहीं

दस जिलों में सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं बिना महिला रोग विशेषज्ञों के चल रही है। इनमें राजनांदगांव, कबीरधाम, बेमेतरा, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, कोंडागांव, सक्ती, जांजगीर, दंतेवाड़ा, बालोद जिले में स्वीकृत सेटअप में एक भी स्त्री रोग विशेषज्ञ कार्यरत नहीं है। इसके साथ कई जिले ऐसे हैं जहां इक्का-दुक्का महिला रोग विशेषज्ञ डाक्टरों से काम चलाया जा रहा है।

### महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्कूल शिक्षा विभाग का नवाचार

# 'बडी-बडी' में बच्चे जानेंगे... कैसा होता है स्कूल का माहौल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी के आंगनबाड़ी केंद्रों में इन दिनों बच्चों के लिए बडी-बडी (बाल मैत्री) कार्यक्रम चलाया जा रहा है। बच्चों में सामाजिक व शैक्षणिक कौशल विकसित करने यह नवाचार किया गया है। इसका उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों में अध्ययनरत बच्चों को प्राथमिक शाला के वातावरण से परिचित कराया जा रहा है। आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को खेल आधारित गतिविधियों के माध्यम से शाला पूर्व शिक्षा प्रदान की जाती है, लेकिन शाला में प्रवेश के प्रथम वर्ष में बच्चों को औपचारिक वातावरण, नियमों एवं भाषा के प्रयोग में कठिनाई होती है। इस समस्या के समाधान के लिए यह कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है, जिससे बच्चों में विद्यालय के प्रति रुचि एवं सहजता विकसित हो सके।

## स्कूल और आंबा तय करते हैं तिथि

इस कार्यक्रम के अंतर्गत 4 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को प्रतिमाह निर्धारित दिवस पर प्राथमिक शालाओं का भ्रमण कराया जा रहा है। बच्चों का पहली कक्षा के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से परिचय कराया जाता है, जिससे उनमें मित्रता, सहयोग एवं आपसी समझ का विकास हो सके। शाला भ्रमण की तिथि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं शिक्षक संयुक्त रूप से निर्धारित करते हैं।


HMS साईटिका तेल

शिव सायटिका

सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है 94060-21769

HMS देखकर खरीदें

लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है

नकली माल से सावधान


### जुनवानी तथा सेमरिया के कार्यक्रमों में शामिल हुए सीएम साय

# मुख्यमंत्री ने वीरांगना अवंतीबाई की प्रतिमा का किया लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रविवार को जहां ग्राम जुनवानी नर्मदा धाम में आयोजित पंच कुंडीय श्री रुद्र महायज्ञ एवं श्री शिव महापुराण कथा में शामिल हुए। उन्होंने ग्राम सेमरिया में वीरांगना अवंतीबाई लोधी के 168 में बलिदान दिवस कार्यक्रम में सिरकत की। जुनवानी में उन्होंने व्यासपीठ की पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को चैत्र नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। ग्राम सेमरिया में वीरांगना अवंतीबाई लोधी के 168वें बलिदान दिवस पर मुख्यमंत्री श्री साय ने वीरांगना अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा का अनावरण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर सेमरिया के साथ कुम्हार दनिया, गोछिया, भाटकुंडेरा, दनिया खुर्द एवं दानी घाटोली सहित कुल 6 ग्रामों में लगने वाली प्रतिमाओं का लोकार्पण किया गया। साथ ही मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में सामुदायिक भवन, मिनी स्टेडियम और यज्ञशाला निर्माण की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि वीरांगना अवंतीबाई लोधी का जीवन साहस, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति की अमिट मिसाल है। उन्होंने सीमित संसाधनों और छोटी सेना के बावजूद अंग्रेजों के खिलाफ अदम्य साहस के साथ संघर्ष किया। ऐसी महान विभूति से हमें प्रेरणा लेकर अपने जीवन में राष्ट्रसेवा और समाजहित के मूल्यों को अपनाना चाहिए। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा , पंडरिया विधायक भावना बोहरा, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह उपस्थित थे।

## लोधी समाज की पहचान वीरता व नैतिकता के लिए भी

मुख्यमंत्री श्री साय ने लोधी समाज की सराहना करते हुए कहा कि यह समाज ऐतिहासिक रूप से वीरता, नैतिकता और राष्ट्रसेवा के लिए जाना जाता है। स्वतंत्रता संग्राम में इस समाज का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है और आज भी यह समाज देश और प्रदेश के विकास में सक्रिय भूमिका निभा रहा है।

# नक्सलियों की साजिश नाकाम फोर्स ने किया तीन बम बरामद

**जगदलपुर।** सुकमा जिले के जगरगुंडा-नरसापुरम मार्ग से बरामद कर बीडीएस की मदद से बरामद कर मौके पर निषक्रिय कर दिया है। जानकारी के मुताबिक नक्स्लियों की बड़ी साजिश को नाकाम करते हुए सीआरपीएफ 226 बटालियन ने सर्चिंग के दौरान 1, 2 व 4 किलो के तीन बम को बरामद किया है। नक्सल अभियान में निकले जवानों ने जगरगुंडा-नरसापुरम मार्ग पर माओवादियों द्वारा लगाए गए तीन शक्तिशाली आईईडी का पता लगाकर मौके पर निष्क्रिय कर बड़ी घटना को टाल दिया।



## यातायात रोककर किया नष्ट

तलाशी के दौरान 1 किलो, 2 किलो और 4 किलो वजन के तीन धातु के कंटेनर बरामद हुए जो कमांड वायर से जुड़े हुए थे। बम का पता लगते ही नागरिक व वाहनों की आवाजाही रोकने के बाद सभी सुरक्षा सावधानियों के साथ सुबह सभ्ज्ञी आईईडी को मौके पर ही विस्फोट कर नष्ट कर दिया गया।


हरिभूमि HEALTH CARE

छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

Sai Care Hospital श्री सांई केयर हॉस्पिटल
डॉक्टर से सेकंड ओपिनियन, बिना किसी फीस हर सामेवार शाम।
फ्री ओपीडी सेवा महीने के प्रत्येक सोमवार समय: शाम 5 बजे से 7 बजे तक
उपलब्ध सेवायें: कैंसर केयर, डायबिटिक केयर, पाईल्स केयर
डायबिटीज (मधुमेह) उपचार, पाइल्स (बवासीर) का ऑपरेशन, हाई ब्लड प्रेशर (उच्च रक्तचाप), फिशर और फिस्टुला का उपचार, थायरॉइड विकार, लिवर व किडनी रोग, थाइरॉयड सर्जरी, ब्रेस्ट लंप / ट्यूमर सर्जरी, सामान्य रोगों की जांच व उपचार, हृदय संबंधी समस्याएं
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क ईलाज सुविधा उपलब्ध
शिव मंदिर के पास, अवंती विहार, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.) | बुक अपॉइंटमेंट : 0771-4020089, 9630067422

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • हाइड्रोफेशियल • कार्बन फेशियल • केमिकल पीलिंग • रेडियोफ्रिक्वेंसी • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

डायबिटिक क्लीनिक
डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
छाती, एजर्ली एवं सांस से जुड़ी सभी बीमारियों का आधुनिक एवं विशेषज्ञ उपचार एक ही स्थान पर
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल 24 घंटे आपात चिकित्सा
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क : 8962566221, 07714916125, 7223065604

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037 OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

निवेद चेस्ट & आई केयर
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयॉथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्ट्डी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनॉपेथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग » बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड » बच्चों एवं बडों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साई बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

वैरिकोज वेन्स & VASCULAR Clinic
वैरिकोज वेन्स & वैस्कुलर क्लिनिक
डॉ. प्रशांत पोटे MD DNB FVIR Interventional Radiologist
• वैरिकोज वेन्स • पैर का अल्सर • डीवीटी • फाइब्रॉइड • थायरॉइड/गॉइटर
पता- 309, लालगंगा बिजनेस पार्क, पचपेड़ी नाका, रायपुर, मोबाईल : 7400628099

पाइल्स
क्षारकर्मा (लेप विधि) विशेषज्ञ (ना कोई सुई, ना भर्ती 2 घंटे के बाद डिस्चार्ज)
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
25 वर्षों का अनुभव
13000 से ऊपर सफल चिकित्सा
फाफाडीह / पंडरी, रायपुर, मो. 9039050422

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



### 200 साल पुराना आस्था केंद्र, बिना मूर्ति का मंदिर

*गरियाबंद से लगभग 12 किलोमीटर दूर पहाड़ी पर स्थित यह आस्था केंद्र करीब 200 वर्ष पुराना बताया जाता है। यहां न तो कोई मूर्ति है और न ही पारंपरिक मंदिर संरचना, फिर भी श्रद्धालुओं की आस्था अटूट बनी हुई है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, निरई माता धाम का सबसे बड़ा चमत्कार यह है कि यहां नवरात्र के दौरान बिना तेल के ज्योति लगातार नौ दिनों तक जलती रहती है। मान्यता है कि यह ज्योति स्वयं प्रज्ज्वलित होती है, जो देवी की उपस्थिति का संकेत मानी जाती है। इस रहस्य को आज तक कोई समझ नहीं पाया है, जिससे श्रद्धालुओं की आस्था और भी प्रगाढ़ हो जाती है।*

# साल में एक बार खुलता है मंदिर, 5 घंटे में लाखों ने किए दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोरेलाल सिन्हा/गरियाबंद

खास खबर

चैत्र नवरात्र के पहले रविवार को निरई माता धाम में आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। 22 मार्च को आयोजित वार्षिक जात्रा में लाखों श्रद्धालु शामिल हुए। दूर-दूर से पहुंचे भक्तों ने माता के दरबार में दर्शन कर पूजा-अर्चना की और मन्नतें पूरी होने पर हजारों की संख्या में बकरे की बलि अर्पित की।

निरई माता के प्रति गहरी आस्था का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि गरियाबंद के ग्राम मोहेरा पुल से मंदिर तक करीब 12 ▶▶|शेष पेज 5 पर

### निरई माता जात्रा में उमड़ा जनसैलाब 12 किलोमीटर तक लगी लंबी कतार



### सिर्फ 5 घंटे के लिए खुलता है मंदिर

निरई माता धाम की सबसे खास बात यह है कि यह मंदिर साल में केवल एक दिन, चैत्र नवरात्र के दौरान ही खुलता है। इस दौरान भी श्रद्धालुओं को मात्र 5 घंटे सुबह 4 बजे से 09 बजे तक समय मिलता है। इसी सीमित समय में हजारों श्रद्धालु अपनी आस्था प्रकट करते हैं।

### महिलाओं का प्रवेश वर्जित पुरुष ही करते हैं पूजा

इस मंदिर की परंपरा अन्य देवी मंदिरों से अलग है। यहां महिलाओं का प्रवेश पूरी तरह से वर्जित है और केवल पुरुष ही मंदिर के भीतर जाकर पूजा-अर्चना करते हैं। यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है। स्थानीय मान्यता के अनुसार, यदि कोई व्यक्ति नशे की हालत में या गलत इरादे से मंदिर में प्रवेश करने की कोशिश करता है, तो उसे मधुमक्खियों के हमले का सामना करना पड़ता है। इसे माता के कोप के रूप में देखा जाता है। चैत्र नवरात्र के इस पावन अवसर पर निरई माता धाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ एक बार फिर इस बात का प्रमाण बनी कि आज भी आस्था और परंपरा लोगों के जीवन में गहराई से जुड़ी हुई है।

## खबर संक्षेप

### ट्रंप का गोल्डन खिताब, सोने के सिक्के पर होगा चेहरा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के 250वें स्वतंत्रता दिवस पर इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। यह



केवल दूसरा मौका होगा जब कोई जीवित राष्ट्रपति अपने सिक्के पर अंकित चेहरा देखेगा। इस बार यह गौरवपूर्ण अवसर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए है। कारण है कि ट्रंप को अमेरिका के 250वें स्वतंत्रता दिवस की याद में बनाए जाने वाले 24 कैरेट सुनहरे सिक्के पर जगह दी जाएगी।

### पीएम मोदी करेंगे नोएडा हवाई अड्डे का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 मार्च को नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे। इसके मद्देनजर कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को नोएडा पहुंचे। मुख्यमंत्री दोपहर में हेलीकॉप्टर से जेवर स्थित हवाई अड्डा पहुंचे और करीब डेढ़ घंटे तक अधिकारियों के साथ बैठक कर उद्घाटन समारोह की तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की।

### सिक्किम में डोली धरती सतर्क रहने की सलाह

**गंगटोक।** सिक्किम में 4.1 तीव्रता का हल्का भूकंप आया। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। शनिवार



रात आठ बजकर 41 मिनट पर आए भूकंप का केंद्र मंगन जिले में सतह से 14 किलोमीटर नीचे स्थित था। भूकंप में जानमाल के नुकसान की कोई सूचना नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि निवासियों को सतर्क रहने और सुरक्षा संबंधी सावधानियां बरतने की सलाह दी गई है।

### 100 करोड़ से ऊपर सभी योजनाओं की होगी जांच

**नई दिल्ली।** देश में बढ़ती लागत और अनियमितताओं की आशंकाओं के बीच केंद्र सरकार ने जल जीवन मिशन के तहत चल रही बड़ी परियोजनाओं पर सख्ती बढ़ा दी है। अब 100 करोड़ या उससे अधिक लागत वाली सभी परियोजनाओं की गहन जांच की जाएगी। सूत्रों के अनुसार, केंद्र सरकार राज्यों को फंड जारी करने से पहले इन परियोजनाओं की लागत और कार्यप्रणाली की समीक्षा करेगी। इस कदम का उद्देश्य लागत में हो रही वृद्धि को रोकना और योजनाओं को अधिक पारदर्शी बनाना है।

### 24.5 किलो हेरोइन बरामद, तीन गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने सीमा सुरक्षा बल के साथ संयुक्त अभियान में तीन लोगों की



गिरफ्तारी के साथ सीमा पार तस्करी के एक गिरोह का भंडाफोड़ किया। उनसे 24.5 किलोग्राम हेरोइन और 21.5 लाख रुपए नकद बरामद किए। आरोपी के पाकिस्तान स्थित दलालों से संबंध थे। आरोपियों की पहचान अमृतसर के नूरवाल गांव के रहने वाले जगजीत सिंह उर्फ राणा के रूप में हुई है।

## युद्ध : ईरान ने इजराइल पर दागीं 4 मिसाइलें, 300 घायल

# होर्मुज पर जंग, रास्ता खोलने ट्रंप की धमकी ईरान ने कहा-सिर्फ दोस्तों के लिए खुलेगा

*पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर नई सियासी और सैन्य हलचल तेज हो गई है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी कि अगर ईरान 48 घंटे के भीतर होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह नहीं खोलता है तो अमेरिका उसके ऊर्जा संयंत्रों को 'नेस्तनाबूद' कर देगा। इस बीच, ईरान ने साफ कर दिया है कि वह इस अहम समुद्री रास्ते को पूरी तरह बंद नहीं करेगा, लेकिन दुश्मन देशों के लिए इसे सीमित कर सकता है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| काहिरा

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान को इस अहम जलमार्ग को खोलने के लिए ठीक 48 घंटे का समय दिया जा रहा है, अन्यथा उसे नए हमलों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका 'विभिन्न ऊर्जा संयंत्रों को नष्ट कर देगा और इसकी शुरुआत सबसे बड़े संयंत्र से होगी। तेल की कीमतों में तेजी के बीच ट्रंप पर इस जलडमरूमध्य को सुरक्षित कराने का दबाव बढ़ता जा रहा है। हालांकि ट्रंप ने इस होर्मुज के रास्ते को खोलने के लिए चेतावनी दी थी, लेकिन इसके बावजूद ईरान ने अपने दुश्मन देशों के लिए होर्मुज का रास्ता खोलने से इनकार कर दिया। ईरान के ▶▶|शेष पेज 5 पर

- इजराइल का दावा- लेबनान में हिजबुल्लाह के 9 लड़ाके मारे

### क्या है ईरान की नई रणनीति?

*ईरान ने अपने बयान में दोहरा संदेश दिया है। एक तरफ वह कह रहा है कि समुद्री रास्ता पूरी तरह बंद नहीं होगा, ताकि वैश्विक व्यापार प्रभावित न हो। दूसरी तरफ उसने साफ कर दिया है कि दुश्मन देशों के जहाजों को रोकने का अधिकार वह अपने पास रखता है। इससे संकेत मिलता है कि ईरान होर्मुज को एक रणनीतिक हथियार के तौर पर इस्तेमाल कर रहा है।*

### ट्रंप की चेतावनी का क्या असर पड़ा?

*अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान को 48 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी थी कि अगर होर्मुज पूरी तरह नहीं खोला गया तो अमेरिका ईरान के ऊर्जा ठिकानों पर हमला कर सकता है। इस सख्त रुख के बाद भी ईरान की रणनीति में कोई बदलाव नहीं आया। दोनों देशों के बीच तनाव अभी भी बना हुआ है।*






अगर 48 घंटे के भीतर होर्मुज स्ट्रेट को पूरी तरह नहीं खोला गया, तो अमेरिका ईरान के पावर प्लांट पर हमला करेगा। शुरुआत सबसे बड़े प्लांट से होगी।

**- अमेरिका**



अगर उसके पावर प्लांट को निशाना बनाया गया, तो वह मिडिल ईस्ट में अमेरिका और इजराइल से जुड़े सभी ऊर्जा ढांचों पर हमला करेगा।

**-ईरान**

### जंग जारी है

- इजराइली शहर अराद पर ईरानी मिसाइल ने हमला किया। इसमें 100 से ज्यादा घायल हुए और 10 की हालत गंभीर है।
- अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने शनिवार को ईरानी मिसाइल लॉन्चर पर हमले का वीडियो जारी किया।
- ईरान के राष्ट्रपति ने यह भी सुझाव दिया कि मिडिल ईस्ट के देशों को मिलकर एक नया सुरक्षा सिस्टम बनाना चाहिए।
- ईरान ने इजराइल पर रविवार सुबह से 4 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। इन हमलों में 300 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।

### दुनिया के लिए क्यों अहम है होर्मुज?

होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे अहम समुद्री रास्तों में से एक है, जहां से करीब 20 प्रतिशत तेल और गैस की सप्लाई गुजरती है। अगर यह रास्ता बंद होता है तो वैश्विक बाजार में तेल और गैस की कीमतें तेजी से बढ़ सकती हैं। हाल के हमलों और तनाव के कारण पहले ही ऊर्जा बाजार में उथल-पुथल देखने को मिल रही है। ईरान के इस बयान से साफ है कि वह पूरी तरह टकराव नहीं चाहता, लेकिन दुश्मनों के लिए वो जरा सी भी नरमी नहीं बरतेगा। अमेरिका की सैन्य चेतावनी और ईरान की शर्तों के बीच हालात बेहद नाजुक बने हुए हैं। आने वाले दिनों में यह तय होगा कि स्थिति कूटनीति की ओर बढ़ती है या संघर्ष और तेज होता है।

## मिडिल ईस्ट संकट पेट्रोलियम-ऊर्जा समेत कई मुद्दों पर मंथन



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार शाम को अपने आधिकारिक आवास '7 लोक कल्याण मार्ग' पर एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में सरकार के वरिष्ठ मंत्री और अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में मिडिल ईस्ट की मौजूदा स्थिति को देखते हुए पेट्रोलियम, कच्चे तेल, गैस, बिजली और उर्वरक क्षेत्रों से संबंधित स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य देश में तेल, गैस, खाद समेत सभी जरूरी चीजों की आपूर्ति को निर्बाध बनाए रखना था। इस बैठक में केंद्रीय गृह ▶▶|शेष पेज 5 पर

### बाधाओं को दूर करने की कोशिश

प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट किया कि उनकी सरकार ग्लोबल सप्लाई चेन में आई बाधाओं को दूर करने के लिए लगातार काम कर रही है। 'हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रयासरत हैं कि सप्लाई चेन में आई रुकावटों को कैसे दूर किया जाए। प्रधानमंत्री ने सऊदी अरब, यूएई, कतर, बहरीन, कुवैत, जॉर्डन, फ्रांस, मलेशिया, इजरायल के नेताओं से बातचीत भी की है।

### कालाबाजारी पर सख्त एक्शन

एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए देशभर में लगातार छापेमारी की जा रही है। देशभर के बंदरगाहों पर संचालन सामान्य है और कहीं भी भीड़भाड़ की स्थिति नहीं है। सरकार घटनाक्रम पर लगातार नजर बनाए हुए है।

## राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान

# घूंघट की आड़ में महिलाओं ने परीक्षा दी, दादी और काका ने लिखा ककहरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/बिलासपुर

अलग खबर

कहते हैं पढ़ाई व शिक्षा ग्रहण करने की कोई उम्र नहीं होती है। आप में लगन व जूनून है तो किसी भी उम्र में पढ़ाई कर सकते हैं। ऐसा ही जुनून वृद्ध महिलाओं व पुरुषों में रविवार को देखने को मिला। जिले की हजारों बुजुर्गों ने उम्र के अंतिम पड़ाव में भी परीक्षा दी और साक्षर भी हुए। रविवार को बिलासपुर जिले में राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान (उल्लास कार्यक्रम) का आयोजन किया गया। इसमें स्कूली बच्चों की बजाय घरेलू महिलाएं और 50 से 60 वर्ष के प्रौढ़ और बुजुर्ग परीक्षा देने पहुंचे थे। कई जगहों पर घूंघट की आड़ में महिलाओं ने पेपर लिखा तो, 60 साल के दादा और काका ने ककहरा लिखकर साक्षर होने का परिचय दिया। देवरानी जेठानी सहित ननद और भाभी इस राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान आकलन परीक्षा में शामिल हुए। ▶▶|शेष पेज 5 पर

### सेंट्रल जेल में कैदी ने कहा- नई जिंदगी मिली

चारों विकासखंडों सहित बेलतरा रोड, मस्तूरी और कोटा सहित केंद्रीय जेल बिलासपुर में कुल 961 परीक्षा केंद्रों पर 'उल्लास' योजना की साक्षरता आकलन परीक्षा आयोजित हुई। असाक्षरों को साक्षर बनाने के बाद यह आकलन परीक्षा में 40777 से अधिक प्रशिक्षार्थियों ने शत प्रतिशत उत्साह के साथ भाग लिया, जिसमे 10943 पुरुष और 29822 महिला शामिल हैं जो राज्य स्तर पर ऐतिहासिक उपलब्धि है। केंद्रीय जेल बिलासपुर में 100 पुरुष और 33 महिला बंदियों ने उल्लास परीक्षा साक्षरता आकलन परीक्षा दी। केंद्रीय जेल के एक प्रशिक्षार्थी ने कहा कि "साक्षरता ने नई जिंदगी दी।

### राजधानी में साक्षरता चौक से अभियान का आगाज



रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में आयोजित राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान का शुभारंभ रायपुर स्थित साक्षरता चौक से किया गया। इस अवसर पर भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय से सुनीता सिंह चौहान, सीनियर कंसलटेंट (एडल्ट एजुकेशन ब्यूरो) एवं स्वाती दास, सहायक संचालक, राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

## इथियोपिया के टेडेजे, महिला वर्ग में मेसेरेट ने जीता गोल्ड






**बस्तर हेरिटेज मैराथन**

**जगदलपुर।** बस्तर हेरिटेज मैराथन में 9800 से अधिक धावकों में रविवार को दौड़ लगाई। सबसे प्रतिष्ठित और चुनौतीपूर्ण पड़ाव फुल मैराथन 42.195 किमी के ओपन पुरुष वर्ग में इथियोपियाई मूल के धावकों का दबदबा देखने को मिला। पुरुष वर्ग में टेडेजे किनेटो वाशे ने मात्र 2:26:49 घंटे के समय के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। ▶▶|शेष पेज 5 पर

### बबलू और पूनम ने बटोरीं तालियां

10 किलोमीटर की श्रेणी में 18 वर्ष से ऊपर के वयस्कों के बीच बबलू ने 28:43 घंटे और पूनम 34:56 घंटे ने अपनी श्रेणी में सबसे तेज दौड़ लगाकर दर्शकों की तालियां बटोरीं। इस मैराथन की सबसे सुखद तस्वीर भविष्य के सितारों ने पेश की। 18 वर्ष से कम आयु के जूनियर वर्ग में सागर और लावण्या ने अपनी श्रेणी में जीत हासिल की।

## जांच में जुटी पुलिस

# चोरी के शक पर तालिबानी सजा सिर के बाल नोचे, कपड़े भी फाड़े



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ क्षेत्र में चोरी के शक में एक युवक के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। बड़ी बात यह है कि लोगों ने युवक के बाल उखाड़ दिए और उसके कपड़े फाड़ डाले। युवक को दी ▶▶|शेष पेज 5 पर

### की जाएगी कार्रवाई

*इस घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस द्वारा मामले में अपराध दर्ज कर लिया गया है। हम आरोपियों की पहचान करने के साथ ही मामले की जांच कर रहे है। जल्द ही दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।*

*-वैभव बैंकर रमनलाल, एसपी*

## देशभर के भाजपा नेताओं ने प्रधानमंत्री के कार्यों को सराहा

# सार्वजनिक जीवन में 8,931 दिन, पीएम मोदी ने रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय राजनीति में एक ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया है, जब वे देश के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले सरकार प्रमुख बने। 8,931 दिनों तक (गुजरात के मुख्यमंत्री से लेकर प्रधानमंत्री तक) उनकी नेतृत्व यात्रा ने जनता की सेवा, ईमानदारी और राष्ट्र प्रथम की भावना का प्रतीक साबित किया है। इस उपलब्धि पर देशभर के वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने उन्हें बधाई दी है।

शीर्ष केंद्रीय मंत्रियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में 8,931 दिन पूरे करने के रिकॉर्ड पर उन्हें रविवार को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पहले गुजरात के मुख्यमंत्री और अब प्रधानमंत्री के रूप में यह उपलब्धि उनके राष्ट्र-प्रथम शासन ▶▶|शेष पेज 5 पर



### देश को बनाया आत्मनिर्भर

भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में देश ने बुनियादी ढांचे के विस्तार, डिजिटल क्रांति, प्रभावी जनकल्याणकारी योजनाओं और 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में तेज प्रगति की है। उन्होंने कहा कि 2014, 2019 और 2024 के लोकसभा चुनावों में लगातार मिली ऐतिहासिक जनादेश जनता के अटूट विश्वास का प्रमाण है।

### पहले सीएम फिर पीएम के रूप में की देश सेवा

सार्वजनिक जीवन में 8,931 दिनों के साथ, पहले गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में और अब प्रधानमंत्री के रूप में, उनकी 'जन सेवा' की यात्रा समावेशी विकास के प्रति उनके अटूट समर्पण को दर्शाती है। कड़ी मेहनत और राष्ट्र-निर्माण के प्रति दृढ़ संकल्प पर आधारित, सार्वजनिक सेवा में बिताए उनके ये वर्ष भारत की विकास गाथा को लगातार मजबूत कर रहे हैं।

### प्रेरणादायक रही पीएम मोदी की जीवन यात्रा

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा, राष्ट्र के लिए यह एक गर्व का क्षण है, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले प्रमुख बन गए हैं, जिन्होंने सिक्किम के पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग के 8,930 दिनों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में लोगों की सेवा करने से लेकर प्रधानमंत्री के रूप में देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने तक, उनकी यात्रा वास्तव में प्रेरणादायक रही है।

## चिंतन

# एआई सहयोगी होना चाहिए, मालिक नहीं

तकनीक का हर नया दौर अपने साथ संभावनाओं का उजाला और आशंकाओं की छाया दोनों लेकर आता है। आज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) उसी मोड़ पर खड़ा है, जहां उससे हमारी उम्मीदें भी बहुत बड़ी हैं और सावधानियां भी उतनी ही जरूरी। हाल ही में जस्टिस सूर्यकांत ने जो बात कही, वह सिर्फ न्यायपालिका ही नहीं, पूरे समाज के लिए एक दिशा-सूचक सिद्धांत है यानी एआई सहयोगी होना चाहिए, मालिक नहीं। बेंगलुरु में सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के राष्ट्रीय सम्मेलन-2026 में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विवादों की रोकथाम और समाधान' विषय पर सीजेआई ने स्पष्ट किया कि एआई को न्यायिक प्रणाली में इस तरह शामिल किया जाना चाहिए, जिससे वह व्यवस्था को मजबूत करे, न कि उसकी मूल आत्मा को कमजोर कर दे। यह कथन केवल एक चेतावनी नहीं, बल्कि भविष्य की न्याय व्यवस्था का खाका भी है। आज अदालतों में लंबित मामलों का अंबार है। वर्षों तक चलने वाली सुनवाई, दस्तावेजों का भारी बोझ और जटिल प्रक्रियाएं, ये सब न्याय की गति को धीमा कर देते हैं। ऐसे में एआई का उपयोग बड़े पैमाने पर डेटा संभालने, पैटर्न पहचानने और प्रक्रियागत देरी को कम करने में बेहद उपयोगी हो सकता है, लेकिन असली सवाल यह है कि क्या एआई को फैसले सुनाने का अधिकार मिलना चाहिए? यहीं पर सीजेआई की बात सबसे अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। न्याय केवल तथ्यों का गणित नहीं है, यह मानवीय संवेदनाओं, नैतिकता और परिस्थितियों की गहराई से जुड़ा हुआ है। एक जज अपने अनुभव, विवेक और तर्कशक्ति के आधार पर निर्णय लेता है। एआई, चाहे कितना भी उन्नत क्यों न हो, इन मानवीय गुणों की बराबरी नहीं कर सकता। एआई के निर्णय पूरी तरह उसके प्रशिक्षण डेटा पर आधारित होते हैं। यदि उस डेटा में कोई पक्षपात या कमी है तो उसका असर फैसलों पर भी पड़ सकता है। इससे न्याय की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो सकते हैं। यही कारण है कि एआई को केवल एक सहायक उपकरण के रूप में सीमित रखना ही बुद्धिमानी है। इसके अलावा, न्यायपालिका की स्वतंत्रता और पारदर्शिता भी दांव पर लग सकती है। यदि फैसले एआई पर निर्भर होने लगें तो जवाबदेही किसकी होगी। मशीन की या उसे बनाने वाले प्रोग्रामर की? यह एक जटिल नैतिक और कानूनी प्रश्न है, जिसका अभी स्पष्ट उत्तर नहीं है। इसलिए जरूरी है कि अंतिम निर्णय का अधिकार हमेशा इंसानों के पास ही रहे। दरअसल, एआई का सही उपयोग वहीं है, जहां वह इंसानी क्षमता को बढ़ाए, न कि उसे प्रतिस्थापित करे। जैसे एक अच्छा सहायक अपने मालिक के काम को आसान बनाता है, वैसे ही एआई को भी न्यायाधीशों और वकीलों के लिए एक सहायक की भूमिका निभानी चाहिए। दिशा तय करने का अधिकार हमेशा इंसानी बुद्धि और विवेक के पास ही रहना चाहिए। आज जब दुनिया तेजी से डिजिटल हो रही है, तब यह संतुलन बनाए रखना बेहद जरूरी है। तकनीक को अपनाना समय की मांग है, लेकिन आंख मूंदकर उस पर निर्भर हो जाना खतरनाक हो सकता है। एआई के बढ़ते प्रभाव के बीच हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि न्याय, अंततः इंसानों के लिए और इंसानों द्वारा ही किया जाने वाला कार्य है। यह कहना गलत नहीं होगा कि एआई एक शक्तिशाली साधन है, लेकिन उसकी शक्ति का सही उपयोग ही उसे वरदान या अभिशाप बनाता है। जस्टिस सूर्यकांत का यह संदेश हमें याद दिलाता है कि तकनीक को अपने नियंत्रण में रखना ही हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।



दृष्टिकोण
अखिलेश आर्येन्दु

# पश्चिम एशिया संघर्ष से बढ़ती दुश्वारियां

> हैरान करने वाली बात यह है कि यह संघर्ष अब घोर प्रतिक्रियावादी दिशा की तरफ जाता दिखाई दे रहा है। अभी जितना विनाश हुआ है, दुनिया भर में उससे अभी और कितना विनाश होगा, कहना मुश्किल है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद्, ब्रिक्स, नाटो जितने भी कूटनीतिक और रणनीतिक समूह हैं, वे भी मिलकर इस संघर्ष को रुकवाने में सफल नहीं होते दिखाई दे रहे हैं। जरूरत है युद्ध संकट के दौर में राजनेता, विपक्षी दल, व्यापारी, शासन के अधिकारी और जनता देशहित में एक साथ मिलकर देश को किसी भी तरह के संकट से बचाने के लिए आगे आएं। इससे देश में किसी भी तरह का कृत्रिम संकट पैदा नहीं होगा।

जैसे-जैसे पश्चिम एशिया में संघर्ष तेज होता जा रहा है, वैसे-वैसे दुनिया के अधिकांश देशों में तमाम तरह की समस्याएं और संकट बढ़ता जा रहा है। इसका असर आर्थिक क्षेत्र में पड़ ही रहा है, साथ ही होटल, पर्यटन उद्योग, चिकित्सा पर्यटन, पर्यावरण, जहाजरानी, एयरलाइंस (उड़ानों), ऊर्जा सुरक्षा, धर्मशाला पर्यटन, गैस संकट, उद्योग धंधों और शेयर बाजार पर गहराई से पड़ा है। अभी कहना मुश्किल है कि कब तक यह संघर्ष चलेगा और कितनी गंभीर समस्याएं और बढ़ेंगी। हैरान करने वाली बात यह है कि यह संघर्ष अब घोर प्रतिक्रियावादी दिशा की तरफ जाता दिखाई दे रहा है। अभी जितना विनाश हुआ है, दुनिया भर में उससे अभी और कितना विनाश होगा, कहना मुश्किल है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद्, ब्रिक्स, नाटो जितने भी कूटनीतिक और रणनीतिक समूह हैं, वे भी मिलकर इस संघर्ष को रुकवाने में सफल नहीं होते दिखाई दे रहे हैं।

संघर्ष के 20 दिन गुजर गए हैं। इन बीते दिनों में पश्चिम एशिया के देशों के संघर्ष के दौरान मिसाइलों, ड्रोन, बमों और दूसरे हथियारों के इस्तेमाल से सबसे ज्यादा विनाश हुआ है तो वह है पर्यावरण का। संघर्ष से महज वायु प्रदूषित नहीं हुई है बल्कि जल, भूमि और पारिस्थितिक तंत्र की अपूरणीय क्षति हुई है। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि संघर्ष की वजह से भारी तादाद में ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन हो रहा है जिससे 33.2 से ज्यादा मिलियन मीट्रिक टन कार्बनडाइआक्साइड के बराबर जहरीली गैसों का उत्सर्जन हुआ है, जो जार्डन जैसे देश के कुल वार्षिक उत्सर्जन के बराबर है। वहीं पर तेल रिफाइनरियों और गैस प्लांटों पर हमले से काली बारिश जैसे मंजर दिखाई देने लगे हैं। इससे इजराइल, ईरान, कुवैत, अरब अमीरात जैसे देशों में ही वायु प्रदूषण की गंभीर समस्या पैदा हुई है, बल्कि पश्चिम एशिया के तमाम देशों तक इसका गंभीर असर दिखाई देने लगा है। बेतहाशा बमबारी की वजह से तमाम शहरों में मलबों का अंबार लग गया है और खतरनाक रसायन मिट्टी और भूजल में मिल रहे हैं। इससे समुद्र, नदी, पाताल सभी जगह का पानी जहरीला होता जा रहा है। तमाम इलाकों में पीने वाले पानी की ही किल्लत पैदा नहीं हुई है, बल्कि सिंचाई व घरेलू इस्तेमाल में आने वाले पानी की किल्लत हो गई है। बमबारी और मिसाइलों से तहस-नहस हुए इलाकों का डरावना मंजर देखकर युद्ध की गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है। समाचार एजेंसियों के मुताबिक मलबा इतना ज्यादा है कि युद्ध रुकने के बाद भी ऐसे इलाकों में रहना मुमकिन नहीं होगा, क्योंकि बमों से निकले जहरीले रसायनों और गैसों से महीनों तक वातावरण पूरी तरह जहरीला बना रहेगा। बहुत बड़ी तादाद में होर्मुज जलडमरूमध्य में तेल के जहाज तैर ही नहीं रहे हैं, बल्कि समुद्र में बहुत बड़ी तादाद में तेल फैल रहा है। इससे समुद्री पारिस्थितिक तंत्र को बहुत नुकसान पहुंच रहा है। इस नुकसान की भरपाई कर पाना नामुमकिन बताया जा रहा है। जाहिर तौर पर पहले से ही पानी की कमी से जूझ रहे खाड़ी क्षेत्र के देशों के लिए पानी की बढ़ती किल्लत से जल संकट बढ़ रहा है, जिससे हालात और भी ज्यादा गंभीर होते जा रहे हैं। जितनी समस्याएं, संकट और दुश्वारियां बढ़ रही हैं, वे बढ़ते संघर्ष का नतीजा है। इसलिए युद्ध रुकवाना सबसे जरूरी है। संघर्ष रुकवाने की जितनी कोशिशें अभी तक हुईं हैं, वे नाकाम साबित हुई है। इसका असर लोगों में



दहशत, पलायन और भुखमरी के रूप में सामने आया है।

जानकारों के मुताबिक संघर्ष की वजह से 2026 में मध्य-पूर्व में अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों की तादाद में 11 से 27 प्रतिशत तक की कमी आने की उम्मीद है। इससे पर्यटन क्षेत्र में 34 से 56 मिलियन डालर का नुकसान होने की उम्मीद है। भारत सहित कई देशों की अंतरराष्ट्रीय उड़ानें आए दिन रद्द हो रही हैं। इससे पर्यटकों की तादाद में भारी कमी देखी जा रही है। होर्मुज जलडमरूमध्य के पास संघर्ष की वजह से पर्यटकों की आवाजाही पर प्रतिकूल असर देखा जा रहा है। होटलों, धर्मशालाओं की बुकिंग में भारी कमी आई है। वहीं, उद्योग धंधों पर भी असर पड़ा है। पिछले 20 दिनों से जारी संघर्ष का असर भारत सहित एशिया के देशों पर पड़ा है। उद्योग जगत पर इसका सीधा असर देखा जा रहा है। गैस संकट की वजह से भारत में उन उद्योगों पर गहरा असर दिखाई दे रहा है, जहां गैस की खपत ज्यादा होती थी। सर्वेक्षण के मुताबिक भारतीय उद्योग धंधों में 30 प्रतिशत से अधिक की उत्पादन में कमी आई है। बड़ी विनिर्माण कंपनियों से लेकर सूक्ष्म, लघु और मझोले उपक्रमों तक तमाम कंपनियां उत्पादन के मामले में बहुत अधिक संघर्ष कर रही हैं। कच्चा माल और पर्याप्त ईंधन न मिलने की वजह से भी उत्पादन में भारी गिरावट आई है। स्टील, पेंट, आयरन उत्पादन, बड़े उत्पादन क्षेत्रों में कार्यरत रसोई, मशीन निर्माण सहित तमाम क्षेत्रों पर गैस की कमी की बात कही जा रही है। भारतीय होटलों, ढाबों, रेस्तरांओं और कैंटीनों में भी गैस की समस्या की बात कही जा रही है। भारत में यह बड़े स्तर पर नहीं है, लेकिन जानकारों का कहना है कि यदि संघर्ष का दौर आगे बढ़ता जाएगा तो समस्या आनी तय है। वैज्ञानिकों का कहना है कि बमबारी और मिसाइलों के हमलों से निकल रही जहरीली गैसें उन देशों तक पहुंच सकती हैं जो देश इस संघर्ष में किसी भी तरह शामिल नहीं हैं। यही नहीं, संघर्ष पर नजदीक से नजर रखने वाले पर्यटक और पर्यावरण विशेषज्ञों का मानना है कि पश्चिम के तमाम मुल्कों में युद्ध में विस्थापित लोगों के पुनर्वास की समस्या विकराल हो सकती है, जिससे देशों के सीमा से सटे देश में सुरक्षा की बहुत बड़ी समस्या पैदा होने की आशंका बढ़ गई है। गौरतलब है पिछले दो सालों में रूस-यूक्रेन संघर्ष के दौरान यूक्रेन से हजारों की तादाद में लोग को अपना पुश्तैनी निवास छोड़कर उन जगहों पर शरण लेनी पड़ी, जहां उनके योग-क्षेम की व्यवस्था बहुत कम थी। युद्ध विस्थापकों की समस्या दुनिया की तमाम विस्थापित समस्याओं में बहुत गंभीर देखी गई है। ईरान और दूसरे देशों से विस्थापित लोग उस तरफ रुख कर रहे हैं, जहां वे अपने लिए सुरक्षित समझ रहे हैं। इनकी मदद की अपील दुनिया के तमाम मानवाधिकार पर कार्य करने वाली संस्थाएं कर रही हैं, लेकिन अभी वैसी मदद इन्हें नहीं मिल रही है, जिसकी इन्हें जरूरत है। प्रथम विश्व युद्ध और द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान दुनिया में हाहाकार मचा था। जापान सहित दुनिया के तमाम देशों के हालात बेहद नाजुक हो गए थे। इस संघर्ष को लेकर भी कहा जाने लगा है कि यदि समझदारी और संवाद के जरिए युद्ध खत्म करने पर रजामंदी नहीं हुई तो, एक बार फिर दुनिया एक नए विश्व युद्ध के दायरे में आ सकती है।

भारत अपनी कूटनीति और रणनीति के जरिए पूरी कोशिश में है कि जितनी जल्द हो सके, संघर्ष विराम के लिए तीनों देश रजामंदी कर लें। भारत कहता रहा है कि युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। इससे सभी देशों में संकट और समस्याएं बढ़ेंगी। जरूरत है युद्ध संकट के दौर में राजनेता, विपक्षी दल, व्यापारी, शासन के अधिकारी और जनता देशहित में एक साथ मिलकर देश को किसी भी तरह के संकट से बचाने के लिए आगे आएं। इससे देश में किसी भी तरह का कृत्रिम संकट पैदा नहीं होगा।

( लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## शहीदी दिवस

डॉ. घनश्याम बादल



# स्वाधीनता की दहाड़ और इंकलाब की अनुगूंज

आज है 23 मार्च। एक ऐसी शख्सियत को उनकी पुण्यतिथि पर याद करने का दिन। 28 सितंबर 1907 को वर्तमान पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के लायलपुर में जन्मे, अपनी जवानी को मातृभूमि पर चढ़ाने वाले उस जोशीले नौजवान का नाम था भगत सिंह, जिसे उसकी दादी 'भागोंवाला' कहा करती थी। शायद उसका जन्म ही आजादी दिलवाने के लिए हुआ था। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के विराट आख्यान में भगत सिंह का नाम केवल एक क्रांतिकारी के रूप में नहीं, बल्कि एक विचार, एक चेतना और एक सतत प्रतिरोध की परंपरा रूप में दर्ज है। अंग्रेजी सत्ता के मन में उनका कितना भय था, यह इसी से पता चलता है कि उनकी फांसी की तारीख 24 मार्च तय हुई थी, लेकिन 23 मार्च को ही सुबह 7:30 बजे उन्हें राजगुरु और सुखदेव के साथ फांसी पर चढ़ा दिया गया था। 23 मार्च 1931 को लाहौर जेल में उन्हें फांसी दी गई, तब वे महज 23 वर्ष के थे, किंतु उनकी वैचारिक परिपक्वता, वैचारिक निर्भीकता और राजनीतिक स्पष्टता ने उन्हें अपने समय से कहीं आगे खड़ा कर दिया। उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें याद करना केवल एक औपचारिक श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि उस असहज प्रश्न से सामना करना भी है कि क्या हमने उस भारत का निर्माण किया, जिसकी कल्पना उन्होंने की थी। भगत सिंह का जीवन एक साधारण देशभक्त युवक से एक प्रखर वैचारिक



क्रांतिकारी बनने की यात्रा है। जलियांवाला बाग हत्याकांड ने उनके मन पर जो अमिट छाप छोड़ी, उसने उनके भीतर अंग्रेजी सत्ता के प्रति गहरा आक्रोश पैदा किया। किशोर अवस्था में ही उन्होंने खेतों में खून से सनी मिट्टी को बोतल में भरकर अपने साथ रखा। यह प्रतीक था उस प्रतिज्ञा का, जो उन्होंने अन्याय के विरुद्ध ली थी। आगे चलकर हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन से जुड़कर उन्होंने क्रांतिकारी गतिविधियों को संगठित रूप दिया। कार्ल मार्क्स, लेनिन और अन्य समाजवादी चिंतकों के साहित्य ने उनके दृष्टिकोण को व्यापक बनाया। उनकी प्रसिद्ध उक्ति "क्रांति की तलवार विचारों की सान पर तेज होती है" इस बात का प्रमाण है कि वे विचारों की शक्ति को सर्वोपरि मानते थे। उनकी शायरी और लेखन में भी यह वैचारिक ताप स्पष्ट दिखाई देता है-चाहे वह "सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है" जैसी पंक्तियों के प्रति उनका अनुराग हो या जेल में लिखे गए उनके लेख, जिनमें एक स्वतंत्र, समतामूलक और वैज्ञानिक दृष्टि वाले समाज की परिकल्पना झलकती है। सांडर्स हत्याकांड और केंद्रीय विधानसभा बम कांड में उनकी भूमिका ने ब्रिटिश सरकार को उन्हें एक ख़तरनाक क्रांतिकारी के रूप में स्थापित करने का अवसर दिया। किंतु यह भी उतना ही सच है कि असेंबली में फेंका गया बम जान लेने के लिए नहीं, बल्कि "बहरों को सुनाने" के लिए था। उन्होंने स्वयं गिरफ्तारी दी ताकि अदालत को अपने विचारों के प्रचार का मंच बना सकें। यह एक असाधारण राजनीतिक रणनीति थी, जिसने उन्हें एक सच्चा सरदार और जननायक बना दिया। जेल में उनके संस्मरण और लेखन उनकी वैचारिक ऊंचाई को और स्पष्ट करते हैं। "मैं नास्तिक क्यों हूं" जैसे लेख में उन्होंने धार्मिक आस्थाओं पर प्रश्न उठाते हुए तर्क और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का समर्थन किया। उनके द्वारा की गई लंबी भूख हड़ताल, जिसमें उन्होंने भारतीय कैदियों के साथ हो रहे भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई, उनके मानवीय और नैतिक पक्ष को उजागर करती है। आज के संदर्भ में भगत सिंह की प्रासंगिकता केवल एक क्रांतिकारी प्रतीक के रूप में नहीं, बल्कि एक वैचारिक मार्गदर्शक के रूप में अधिक महत्वपूर्ण है। उनकी शहादत हमें यह भी सिखाती है कि राष्ट्रभक्ति केवल भावनात्मक आवेग नहीं, बल्कि एक विवेकपूर्ण और जिम्मेदार प्रतिबद्धता है। उन्होंने अपने जीवन के अंतिम क्षणों तक अध्ययन जारी रखा, विचार किया और अपने समय की राजनीतिक परिस्थितियों का विश्लेषण किया। यह बौद्धिक ईमानदारी ही उन्हें अन्य क्रांतिकारियों से अलग करती है। आज जब हम उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हैं तो यह आवश्यक है कि हम उन्हें केवल नारों और प्रतीकों तक सीमित न करके रह जाएं। भगत सिंह का असली सम्मान तभी होगा जब हम उनके विचारों-वैज्ञानिक दृष्टिकोण, सामाजिक न्याय और निर्भीक अभिव्यक्ति-को अपने जीवन और समाज में आत्मसात करें। उनकी शहादत एक ऐतिहासिक घटना भर नहीं, बल्कि एक सतत प्रेरणा है, जो हर पीढ़ी से यह प्रश्न पूछती है कि क्या हम उस आजादी के योग्य हैं, जिसके लिए उन्होंने अपना जीवन न्योछावर कर दिया।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## हृदय का करें अनुसरण



संकलित
दर्शन

कोई भी धर्मग्रंथ हमें धार्मिक नहीं बना सकता। चाहे हम दुनिया के सारे धर्मग्रंथ पढ़ डालें, परंतु फिर भी ईश्वर या धर्म का हमें तनिक भी ज्ञान नहीं होता। हम सारी उम्र धर्म या ईश्वर संबंधी बातें करते रहें, पर हमारी आध्यात्मिक उन्नति नहीं होती। दुनिया के विद्वानों ने भले ही हमारी बुद्धि प्रखर कर दी हो, पर हम ईश्वर तक नहीं पहुंच सके। पाश्चात्य संस्कृति का दोष यह है कि हम बुद्धि का संस्कार करते समय हृदय के संस्कार की ओर ध्यान ही नहीं देते। इसका परिणाम यह होता है कि मनुष्य दस गुना स्वार्थी हो जाता है। यदि हृदय और बुद्धि में विरोध उत्पन्न हो, तो तुम हृदय का अनुसरण करो, क्योंकि बुद्धि केवल एक तर्क के क्षेत्र में ही काम कर सकती है, वह उसके परे जा ही नहीं सकती, पर वह केवल हृदय ही है, जो हमें उच्चतम भूमिका पर आरूढ़ करता है। वहां तक बुद्धि कभी नहीं पहुंच सकती। हृदय, बुद्धि का अतिक्रमण कर अंतःस्फूर्ति को पा लेती है। बुद्धि से कभी अंतःस्फूर्ति प्राप्त नहीं हो सकती। अंतःस्फूर्ति का कारण केवल ज्ञानोदय बासित हृदय ही है। बुद्धिप्रधान, किंतु हृदय शून्य मनुष्य कभी स्फूर्तिमान नहीं बन सकता। प्रेममय पुरुष की समस्त क्रियाएं उसके हृदय से अनुप्राणित होती हैं। एक ऐसा उच्चतर साधन, जिसे बुद्धि कभी नहीं दे सकती, अगर किसी ने पाया है तो हृदय ने ही, और वह साधन है अंतःस्फूर्ति। जिस तरह बुद्धि ज्ञान का साधन है, उसी तरह हृदय अंतःस्फूर्ति का। शुरुआत में हृदय इतना शक्तिशाली नहीं होता, जितनी कि बुद्धि।

## सेवा का समर्पण भाव



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक राजा भोजन कर रहा था, अचानक खाना परोस रहे सेवक के हाथ से थोड़ी सी सब्जी राजा के कपड़ों पर छलक गई। राजा की त्यौरियां चढ़ गयीं। जब सेवक ने यह देखा तो वह थोड़ा घबराया, लेकिन कुछ सोचकर उसने प्याले की बची सारी सब्जी भी राजा के कपड़ों पर उड़ेल दी। अब तो राजा के क्रोध की सीमा न रही। उसने सेवक से पूछा, तुमने ऐसा करने का दुस्साहस कैसे किया? सेवक ने अत्यंत शांत भाव से उत्तर दिया, महाराज! पहले आपका गुस्सा देखकर मैनें समझ लिया था कि अब जान नहीं बचेगी। लेकिन फिर सोचा कि लोग कहेंगे की राजा ने छोटी सी गलती पर एक बेगुनाह को मौत की सजा दी। ऐसे में आपकी बदनामी होती। तब मैनें सोचा कि सारी सब्जी ही उड़ेल दूं। ताकि दुनिया आपको बदनाम न करे। और मुझे ही अपराधी समझे। राजा को उसके जबाव में एक गंभीर संदेश के दर्शन हुए और पता चला कि सेवक भाव कितना कठिन है। जो समर्पित भाव से सेवा करता है उससे कभी गलती भी हो सकती है फिर चाहे वह सेवक हो, मित्र हो, या परिवार का कोई सदस्य, ऐसे समर्पित लोगों की गलतियों पर नाराज न होकर उनके प्रेम व समर्पण का सम्मान करना चाहिए। बिना सोचे समझे पहले ही किसी पर अपनी नाराजगी जाहिर करना ठीक नहीं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### याद रखना हमेशा, वन हैं तो हम हैं

21 मार्च को अंतरराष्ट्रीय वन दिवस मनाया जाता है। दुनिया भर में इस उपलक्ष्य में प्रोग्राम आयोजित किए जाते हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वनों की सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 28 नवंबर, 2012 को हर वर्ष 21 मार्च को अंतरराष्ट्रीय वन दिवस के रूप में मनाने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया था। तब से हर वर्ष की 21 मार्च को यह दिवस मनाया जाता रहा है। वन हैं तो हम हैं। जो वृक्ष हमें फल नहीं देते हैं, वो भी बहुत महत्वपूर्ण होते हैं, क्योंकि यह हमें जीवित रहने के लिए ऑक्सीजन बिना किसी मूल्य के देते हैं। लेकिन बहुत अफसोस है कि अब वनों की संभाल के लिए लापरवाही बरती जा रही है। वनों की रक्षा के लिए सरकार, नागरिकों तथा संस्थाओं को मिल कर काम करना होगा।

*– जगमोहन साहू, रायपुर*

## ट्रेंड

### नए युग को आकार



मोदी जी की दशकों की सेवा ने एक नए युग को आकार दिया है। चाहे गरीबों को उनके अधिकार दिलाना हो, विकास में नए मुकाम हासिल करना हो या वैश्विक मंचों पर राष्ट्र का गौरव बढ़ाना हो, मोदी युग ने भारत को पूरी तरह से बदल दिया है।

- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### आयुष्मान भारत योजना



हमारी सरकार ने पहली कैबिनेट कैबिनेट बैठक में आयुष्मान भारत योजना लागू करने का निर्णय लिया ताकि जरूरतमंद परिवारों को 10 लाख तक के मुफ्त इलाज का सहारा मिल सके। आज 7 लाख से ज्यादा परिवारों के पास आयुष्मान भारत योजना का सुरक्षा कवच है।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### हवाई यात्रा का किराया



हवाई यात्रा का किराया मध्यम वर्ग की पहुंच से बाहर होता जा रहा है। मोदी सरकार हवाई किराए पर लगी सीमा को हटा रही है, जिससे टिकटों की कीमतों में भारी मुद्रास्फीति हो सकती है। सरकार को हवाई किराए को अधिक प्रभावी ढंग से विनियमित करने पर काम करना चाहिए।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### चाटुकारिता की दुकानें



गैस ने 'चाट' की दुकाने बंद कर दी हैं और जनता का विरोध देखकर 'चाटुकारिता' की भी दुकानें जल्दी ही बंद हो जाएंगी . . . उनके शटर गिरना तो शुरू ही हो चुके हैं . बस ताला लगना बाकी है।

- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

## करंट अफेयर

# 'बैक्टीरियल मेनिन्जाइटिस' जानलेवा है: नया अध्ययन



'बैक्टीरियल मेनिन्जाइटिस' (जीवाणु जनित मस्तिष्क ज्वर) एक बार फिर दुनियाभर में सुर्खियों में है। इस बीमारी के हाल में सामने आए मामले न्यूजीलैंड के ओटागो विश्वविद्यालय और इंग्लैंड के केंट विश्वविद्यालय से जुड़े हैं। 'बैक्टीरियल मेनिन्जाइटिस' को एक गंभीर और जानलेवा बीमारी माना जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) का अनुमान है कि इससे संक्रमित लगभग हर छह में से एक व्यक्ति की मौत हो जाती है, भले ही उसे तुरंत चिकित्सकीय देखभाल और एंटीबायोटिक उपचार मिला हो। यह आंकड़ा भयावह है जिस पर अकसर बात होती है लेकिन इस बारे में अधिक बात नहीं की जाती कि इस अत्यधिक संक्रामक रोग से बच जाने वाले लोगों के साथ भविष्य में क्या होता है। 'बैक्टीरियल मेनिन्जाइटिस' संबंधी अधिकतर शोध का रुख लगभग एक जैसा रहा है और उनमें मुख्य रूप से उस गंभीर चरण पर ध्यान केंद्रित किया गया है जब लोग अस्पताल में भर्ती होते हैं और उनका उपचार चल रहा होता है लेकिन इससे इस धारणा को भी बल मिलता है कि 'बैक्टीरियल मेनिन्जाइटिस' एक अल्पकालिक बीमारी है जबकि ऐसा नहीं है। अंतरराष्ट्रीय साक्ष्य बताते हैं कि अधिकतर मरीजों को इलाज के काफी बाद तक भी शारीरिक, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक स्तर पर इसके असर झेलने पड़ते है।

## ऑफ बीट

# खुद सब्जियां उगाने वाले कम भोजन करते हैं बर्बाद



जीवन यापन के बढ़ते खर्च से लोगों, विशेष रूप से कम आय वाले के लिए स्वस्थ आहार का खर्च उठा पाना कठिन होता जा रहा है। इसके बावजूद, ब्रिटेन में घरों में हर साल आश्चर्यजनक मात्रा में भोजन बर्बाद होता है। इसमें लगभग 68 किलोग्राम फल और सब्जियां भी शामिल है। खाने की बर्बादी न केवल आपकी जेब पर भारी पड़ती है, बल्कि यह पर्यावरण के लिए भी हानिकारक है। वैश्विक स्तर पर, हर साल 1.3 अरब टन भोजन बर्बाद हो जाता है, जिससे दुनिया के ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का लगभग आठ प्रतिशत उत्पन्न होता है। ये उत्सर्जन खाद्य आपूर्ति श्रृंखला के सभी चरणों में अप्रयुक्त भोजन से उत्पन्न होता है। हमारे हालिया अध्ययन से हालांकि पता चला है कि जो लोग बगीचों और आवंटित जमीनों में फसल और सब्जियां स्वयं उगाते हैं, वे औसतन केवल 3.4 किलोग्राम फल और सब्जियां बर्बाद करते हैं – जो ब्रिटेन के औसत से 95 प्रतिशत कम है। इन परिवारों ने भोजन की बर्बादी को कम करने के लिए विभिन्न प्रथाओं को अपनाया, जिसमें अपनी अतिरिक्त उपज को संरक्षित करना या किसी अन्य को दे देना भी शामिल है। हाल के वर्षों में ब्रिटेन और अन्य जगहों पर बगीचों, सामुदायिक उद्यानों और आवंटित भूमि पर ताजा फसल एवं सब्जियां उगाने में दिलचस्पी फिर से बढ़ी है।

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



# हमारी एजेंसी छोड़ने वालों के लिए अच्छा ही चाहूंगा : करण

**मुंबई।** करण जौहर प्रोड्यूस कई फिल्मों में जान्हवी कपूर ने अभिनय किया है। लगता है कि अब वह अलग रास्ते पर चलना चाहती हैं कि यही वजह है कि हाल ही में वह करण जौहर की टैलेंट एजेंसी से अलग हो गई। हाल ही में एक बातचीत में करण जौहर कहते हैं, 'कुछ टैलेंट ऐसे होंगे जो हमारे पास आएंगे और चले जाएंगे। तीन बड़ी एजेंसियों के बीच हमेशा पासिंग द पार्सल जैसा खेल चलता रहता है।' करण जौहर ने यह भी बताया कि उनकी टैलेंट एजेंसी सबसे ज्यादा बिजनेस करती है। करण जौहर बातचीत में आगे कहते हैं, 'जिस किसी ने भी हमारी एजेंसी छोड़ी है, मैं हमेशा उनके लिए अच्छा ही चाहूंगा, उनके साथ काम भी करूंगा।

लाइफ Style

# परवीर

## कम स्क्रीन टाइम के बावजूद जीता सबका दिल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

धुरंधर 2 में एक छोटा सा सीन आता है, जहां जसकीरत सिंह रंगी और उनकी छोटी बहन जसलीन से मिलता है। वो सीन काफी इमोशनल होता है। परवीर कौर पंधेर फिल्म में जसलीन कौर रंगी का किरदार निभाती हैं।

परवीर पंजाबी सिनेमा की उभरती हुई एक्ट्रेस और सिंगर हैं और इस फिल्म के साथ उनका बॉलीवुड में डेब्यू था। पंजाब की रहने वाली परवीर कौर पंधेर ने पंजाबी म्यूजिक वीडियोज, गानों और फिल्मों के जरिए मजबूत फैनबेस बनाया है। इंस्टाग्राम पर उनके 8.5 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हैं, जहां वह अपने सिंगर से एक्टर बनने के सफर को शेयर करती रहती हैं। भले ही परवीर कौर पंधेर का स्क्रीन टाइम कम था, लेकिन जसकीरत सिंह रंगी और जसलीन के सीन ने सबके दिलों में जगह बना ली। 'धुरंधर 2' में जसकीरत सिंह रंगी की छोटी बहन जसलीन सिंह किडनैप हो जाती है, जिसे बचाने के लिए जसकीरत एक विधायक के घर में घुसकर अपने पिता और बड़ी बहन की मौत का बदला लेने के लिए 12 लोगों को मार देता है। इसके बाद जसकीरत को उसकी बहन जसलीन एक झोपड़ी में काफी बुरी हालत में मिलती है। इसके बाद भाई-बहन के मिलने वाला इमोशनल सीन, सबके दिल में जगह बना लेता है। इसे 'धुरंधरः द रिवेंज' का सबसे इमोशनल सीन भी कहा जा रहा है। हाल ही में परवीर कौर पंधेर ने इंस्टाग्राम पर अपने सीन से जुड़ी पोस्ट शेयर की और अपने अनुभव को शेयर किया।



हॉलीवुड मसाला



# कैंसर के आगे नहीं मानी हार

**लॉस एंजिल्स।** अमांडा पीट ने हाल ही में अपनी ब्रेस्ट कैंसर ट्रीटमेंट को लेकर एक आर्टिकल लिखा है। इसमें वह कैंसर पता चलने के झटके और उसके बाद के सफर के बारे में बात करती हैं। इस दौरान वह काफी दुख और कष्ट से गुजरी हैं। 'समथिंग्स गोटा गिव' और 'योर फ्रेंड्स एंड नेबर्स जैसी हॉलीवुड फिल्मों के लिए मशहूर अमांडा पीट ने एक लेख अपनी कैंसर जर्नी के बारे में लिखा है। वह इसमें बताते हैं कि साल में दो बार ब्रेस्ट चेकअप कराती थीं। पिछले साल लेबर डे से पहले एक रूटीन स्कैन उन्होंने कराया, जिसके बाद ब्रेस्ट कैंसर का पता चला।



# वे ऑफ द ड्रैगन जैसी एक्शन फिल्मों में किया काम...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता चक नॉरिस का निधन हो गया। चक ने 86 साल की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। चक नॉरिस ने द डेल्टा फोर्स, लोन वुल्फ मैकक्वेड, कोड ऑफ साइलेंस, ब्रूस ली के साथ 'वे ऑफ द ड्रैगन', चक की सेहत थी नाजुक जैसी कई एक्शन फिल्मों में अभिनय किया। चक नॉरिस के परिवार ने उनके निधन पर इंस्टाग्राम पर एक इमोशनल पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने लिखा, 'बहुत दुख के साथ, हमारे परिवार ने प्यारे चक नॉरिस के अचानक निधन की खबर साझा की है। हम इस बात को निजी रखना चाहते हैं, लेकिन इतना जान लीजिए कि वे परिवार के साथ थे और शांति से चले गए।' 'दुनिया के लिए वे एक महान मार्शल आर्टिस्ट, अभिनेता और ताकत का प्रतीक थे। हमारे लिए वे एक बहुत अच्छे पति, प्यार करने वाले पिता और दादा, बेहतरीन भाई और हमारे परिवार का दिल थे।



# त्रिमुखी फल के बारे में बताई दिलचस्प बात

**मुंबई।** अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी बहुत सख्त फिटनेस रूटीन फॉलो करती हैं। वह कड़ी एक्सरसाइज और बैलेंस्ड डाइट लेती हैं। लेकिन, कभी-कभी वह अपना मनपसंद खाना खाकर मजा भी करती हैं। रविवार को अपने चीट डे पर शिल्पा ने एक मजेदार वीडियो इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किया। इसमें वह स्वादिष्ट समोसे खाती दिख रही हैं। इसके साथ ही अलग-अलग तरह की चटनी और जलेबी भी खाती नजर आ रही हैं। उनका यह वीडियो फैंस के बीच जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो के बैकग्राउंड में मजाकिया आवाज सुनाई दे रही है, जिसमें समोसे को 'त्रिमुखी फल' कहा जा रहा है। आवाज में कहा गया, 'यह फल पूरे साल मिलता है और दिन में कभी भी खाया जा सकता है। इसे खाने वाले को तीनों लोकों में सुख मिलता है।



# दिखाई वीर सावरकर की खास झलक

**मुंबई।** रणदीप हुड्डा की फिल्म 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' ने रविवार को रिलीज के पूरे 2 साल पूरे कर लिए हैं। यह फिल्म 22 मार्च 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। रविवार को रणदीप ने इस फिल्म का एक खास वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। उन्होंने बताया कि उनकी इस फिल्म ने उनकी सभी सीमाओं की परीक्षा ली। रणदीप की पत्नी लिन ने भी एक खास कमेंट कर अपनी राय पेश की है। यह वीडियो विनायक दामोदर सावरकर के जीवन पर आधारित फिल्म के बारे में हैं। इसके साथ रणदीप ने कैप्शन में लिखा कि यह प्रोजेक्ट उनके लिए बहुत मुश्किल था। उन्होंने अभिनय और निर्देशन दोनों किए थे। यह फिल्म उनकी हर सीमा को परखने वाली थी। उन्होंने लिखा, 'मैंने इसे जिया, इसका सामना किया और महसूस किया। यह सफर हमेशा याद रहेगा।'

टीवी मसाला



# नागिन 7 में अक्षय महानाग बन कर प्रियंका की करेंगे मदद

**नई दिल्ली।** एकता कपूर के सीरियल 'नागिन 7' में अब अक्षय कुमार नजर आएंगे। हाल ही उन्होंने एक खास सीक्वेंस शूट किया। वह 'नागिन 7' में महानाग का रोल प्ले करेंगे और नागरानी अनंता की मदद करेंगे। अक्षय 'भूत बंगला' प्रमोट करने के लिए 'नागिन 7' का हिस्सा बने हैं। एकता 'भूत बंगला' की भी प्रोड्यूसर हैं। अक्षय कुमार हाल ही 'नागिन 7' के सेट पर नजर आए, जहां साथ में राजपाल यादव, एकता कपूर, प्रियंका चाहर चौधरी और कनिका मान भी थीं। अक्षय और राजपाल यादव का 'नागिन 7' के सेट पर जोरदार अंदाज में स्वागत किया गया, जिसका वीडियो भी सामने आया है और चर्चा में है। 'नागिन 7' और 'भूत बंगला' के इस क्रॉसओवर ने फैंस को एक्साइटेड कर दिया है और वो इस नए ट्रैक का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। टीवी सीरियल 'नागिन 7' में फिलहाल दिखाया जा रहा है कि चंगिस्तान के लोग भारत देश को नुकसान पहुंचाने के लिए हर संभव साजिश रच रहे हैं। वो नागमणि के अलावा आर्यमन सूरी के उस सीक्रेट लॉकर को पाना चाहते हैं, जिसमें उसके महान वैज्ञानिक पिता ने देश की सुरक्षा से जुड़ी कुछ चीजें सहेजकर रखी थीं। आहना (नागरानी अनंता) को कोई रास्ता नजर नहीं आ रहा है कि वह देश के दुश्मनों का मुकाबला कैसे करे और किस तरह आर्यमन को भी दुश्मनों से बचाए। वहीं, 'भूत बंगला' की बात करें, तो इसे प्रियदर्शन ने डायरेक्ट किया है।

## 'तारक मेहता' ने टॉप-5 में बनाई जगह

**नई दिल्ली।** हर हफ्ते की तरह इस बार भी टीवी टीआरपी की रिपोर्ट आ गई है और इस बार के शोज की लिस्ट में काफी उलट-फेर हुई है। स्टार प्लस के दो शोज तो हमेशा की तरह टॉप- 2 में बने हुए हैं। नंबर 1 पर एकता कपूर का सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' और दूसरे पर राजन शाही का 'अनुपमा' बना हुआ है। हालांकि, इसके बाद के नंबर्स में बड़ी हलचल है। हालांकि, सबका चहेता 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' ने सबको चौंकाते हुए टॉप-5 में अपनी जगह बनाई है। लंबे समय से लोकप्रिय इस सिटकॉम की दर्शकों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है और यह टॉप 5 में शामिल होकर चौथे स्थान पर पहुंच गया है। इस अचानक हुई वृद्धि से हिंट मिलता है कि मौजूदा कहानी लोगों को पसंद आ रही है। इसकी टीआरपी 1.8 और पहुंच 2.9 है।



# दर्द को हौसला का ईंधन चाहिए... धुरंधर 2 के सात दमदार डायलॉग, रटते ही समा जाएगी देशभक्ति

**नई दिल्ली।** आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर 2' की दुनियाभर में तारीफ हो रही है। फिल्म की कहानी से लेकर कास्ट और डायलॉग्स तक की हर कोई बात कर रहा है। अब इन्हीं में से आपको सात दमदार डायलॉग बताते हैं जो हमेशा याद रहेंगे।

**बदला लेना आसान नहीं होता** : 'बदला लेना आसान नहीं होता, दर्द को हौसला का ईंधन चाहिए होता है और वो ईंधन हर किसी के पास नहीं होता है।' खैर, यह डायलॉग बहुत ही जोरदार और उत्तेजक है।

**देश को संभाल लूंगा** : 'इस जन्म में फैमिली फर्स्ट यारा, अगले जन्म में देश को भी संभाल लूंगा।' यह डायलॉग एक व्यक्ति की अपने देश के प्रति मंशा और प्रेम को दिखाता है।



**हिंदुस्तानी काफिर का सर** : 'हिंदुस्तानी काफिर का सर कटकर मुशर्रफ के दस्तरख्वान पर रखा था मेजर इकबाल ने, खुदा कसम, अब एक और हिंदुस्तानी का सर कटकर मुरीदके के मीनार से लटकाऊंगा।' - यह डायलॉग निश्चित तौर पर हमें घुसपैठियों के खिलाफ चार्ज देगा।

**हम मर्द हैं जसकीरत** : 'हम मर्द हैं जसकीरत; पैदा होने से मरने तक हमारा फर्ज है लड़ना।' - यह डायलॉग हीरो को देश के प्रति उसकी जिम्मेदारी का अहसास कराता है।

**इस दुनिया में हर किसी की कीमत होती है** : 'इस दुनिया में हर किसी की कीमत होती है; वफादार की थोड़ी ज्यादा।' - धुरंधर 2 का ये डायलॉग दुनिया की हकीकत बताता है।

**जिंदा रखके तड़पने में** : 'जिंदा रखके तड़पाने में जो मजा है वो मौत में कहां।' - यह डायलॉग दिखाता है कि जब एक एजेंट देश की रक्षा के लिए ड्यूटी पर होता है तो उसे दुश्मन के प्रति किस तरह क्रूर होना पड़ता है।

**अब पाकिस्तान का मुस्तखबिल** : 'अब पाकिस्तान का मुस्तखबिल हिंदुस्तान तय करेगा।' - यह डायलॉग दिखाता है कि खुफिया टीम की रणनीतियों की मदद से देश अब पड़ोसी राष्ट्र पर शासन करने के लिए तैयार है।



खबर संक्षेप

## रुपए में गिरावट से सभी तेल की कीमतों में सुधार



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में युद्ध के माहौल के कारण बढ़ती आपूर्ति चिंताओं तथा डॉलर के मुकाबले रुपये के कमजोर होने के साथ-साथ आवक घटने से देश के तेल-तिलहन की कीमतों में मजबूती का रुख रहा। सरसों, सोयाबीन एवं मूंगफली तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल की कीमतें मजबूती दर्शाती बंद हुईं।

## सेबी की निपटान नियमों में ढील के लिए आज बैठक



**नई दिल्ली।** शेयर बाजार नियामक सेबी का निदेशक मंडल सोमवार को एक व्यापक एजेंडा पर चर्चा करने के लिए बैठक करने वाला है। मामले से परिचित लोगों के अनुसार, इसमें विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के लिए कोष निपटान नियमों को आसान बनाने और बाजार मध्यस्थों के लिए नियामकीय ढांचे में बदलाव के प्रस्ताव शामिल हैं।

## विप्रो ने एआई-डेटा सेंटर समाधान किया पेश



**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी विप्रो ने उद्यम स्तर पर एआई को तेजी से अपनाने के लिए अपना एआई-डाटा सेंटर समाधान पेश करने की घोषणा की। यह समाधान मुख्य डाटा सेंटर ढांचे और ग्राहक अनुभव परिचालन को आधुनिक बनाने में भी मदद करेगा। एआई आधारित सेवाओं और बदलाव लाने वाले समाधानों का एकीकृत समूह उपलब्ध कराया जा सके।

## नटराजन ने सेल के निदेशक का कार्यभार संभाला



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) में टी.एन. नटराजन ने निदेशक का पदभार संभाल लिया है। उन्होंने 19 मार्च 2026 को यह पदभार ग्रहण किया। सेल के अनुसार, नटराजन के पास उत्पादन, लॉजिस्टिक और बिक्री के क्षेत्र में 32 वर्ष से अधिक का नेतृत्व अनुभव है। वह 1993 में प्रबंधन ट्रेनी के रूप में कंपनी से जुड़े थे।

## गोदरेज प्रॉपर्टीज व लोढा ने किया भूखंड़ों का अधिग्रहण



**नई दिल्ली।** गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड और लोढ़ा डेवलपर्स लिमिटेड भारत में आवास की मांग को लेकर आशावादी हैं, क्योंकि दोनों रियल एस्टेट कंपनियों ने चालू वित्त वर्ष में अब तक 25 से अधिक भूखंडों का अधिग्रहण किया है ताकि एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की संयुक्त राजस्व क्षमता वाली आवासीय परियोजनाओं का विकास किया जा सके।

# 1 अप्रैल से बदल जाएंगे 'पैन कार्ड' के नियम, अब नहीं होगा 'आधार' से काम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पैन कार्ड बनवाने की प्रक्रिया में जल्द ही कुछ अहम बदलाव लागू होने वाले हैं। जिसका सीधा असर नए पैन कार्ड बनवाने वाले आवेदकों पर पड़ने वाला है। ये नए नियम 1 अप्रैल 2026 से लागू होंगे।

- पहले आधार से हो जाता था काम, अब ज्यादा डाक्यूमेंट देने पड़ेगे

इसलिए अगर आप आने वाले समय में पैन कार्ड के लिए आवेदन करने की सोच रहे हैं, तो पहले इन बदलावों की जानकारी लेना जरूरी है। ताकि आगे परेशानी नहीं उठाने पड़े। अभी तक 31 मार्च 2026 तक पैन कार्ड के लिए आवेदन करना काफी आसान है, जहां केवल आधार कार्ड के जरिए भी काम हो जाता है। ज्यादा डॉक्यूमेंट देने की जरूरत नहीं पड़ती। लेकिन 1 अप्रैल 2026 से यह प्रक्रिया थोड़ी सख्त होने जा रही है।

### अप्रैल से पैन कार्ड बनाना पहले से अधिक कठिन होगा

**आधार के साथ इन दस्तावेजों की होगी जरूरत**

नए नियम लागू होने के बाद पैन कार्ड के लिए आवेदन करते समय केवल आधार कार्ड पर्याप्त नहीं रहने वाला है। आवेदकों को पहचान व जन्म से जुड़े अतिरिक्त दस्तावेज देने पड़ सकते हैं। इसमें जन्म प्रमाण पत्र, वोटर आईडी, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, 10वीं का सर्टिफिकेट या अन्य सरकारी दस्तावेज शामिल हो सकते हैं। जिससे पैन कार्ड पहले से कहीं ज्यादा सुरक्षित हो जाएगा।



**आधार से मेल खानी चाहिए सारी जानकारी**

नए नियमों के तहत पैन कार्ड में दर्ज जानकारी आधार से पूरी तरह मेल खानी चाहिए। इसलिए आवेदन करने से पहले आधार में नाम, जन्म तिथि और अन्य डिटेल्स सही और अपडेट होना बेहद जरूरी है। इसके साथ ही सरकार नए आवेदन फॉर्म भी लागू करने जा रही है, जो 1 अप्रैल 2026 के बाद अनिवार्य होंगे। पुराने फॉर्म मान्य नहीं रहेंगे, इसलिए पैन से जुड़ा कोई भी काम अब नए फॉर्म के माध्यम से ही किया जा सकेगा।

**प्रक्रिया पहले के मुकाबले लंबी होगी**

नए नियम लागू होने के बाद सिर्फ आधार के बेसिस पर पैन कार्ड बनवाना संभव नहीं होगा। बल्कि आवेदकों को अतिरिक्त दस्तावेज जमा करने होंगे और पूरी प्रक्रिया पहले के मुकाबले ज्याद लंबी हो सकती है। जिससे पैन कार्ड बनवाना पहले से ज्यादा कठिन हो जाएगा।

### अपरिहार्य स्थिति की घोषणा से आधी क्षमता पर परिचालन

# पश्चिम एशिया संकट से गैस आपूर्ति बाधित आधी क्षमता पर चल रहे हैं भारत के यूरिया संयंत्र

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम एशिया संकट के बीच 'अपरिहार्य स्थिति' की घोषणा के चलते तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की आपूर्ति बाधित होने की वजह से देश के यूरिया संयंत्र अपनी आधी क्षमता पर परिचालन कर रहे हैं। उद्योग सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि देश की सबसे बड़ा एलएनजी प्राप्त करने वाला टर्मिनल चलाने वाली पेट्रोनेट एलएनजी लि. ने अपरिहार्य स्थिति की घोषणा की है। आपूर्तिकर्ताओं ने जलडमरूमध्य व्यवधान की वजह से कंपनी को अनुबंधित मात्रा में गैस की आपूर्ति करने में असमर्थता जताई है।

**कंपनियां उर्वरक इकाइयों को गैस आपूर्त करती है**

इस कदम से सरकारी गैस वितरक कंपनियों गेल (इंडिया) लिमिटेड, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसी) और भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (बीपीसीएल) ने आपूर्ति में कटौती शुरू कर दी है। ये कंपनियां रासगैस अनुबंध के तहत उर्वरक इकाइयों को गैस की आपूर्ति करती हैं।

**भारत दुनिया का सबसे बड़ा यूरिया उपभोक्ता**



विश्लेषकों का कहना है कि भारत दुनिया के सबसे बड़े यूरिया उपभोक्ताओं में से एक है, और लगातार घरेलू कमी आने वाले खरीफ बुवाई सत्र से पहले उर्वरक की उपलब्धता पर असर डाल सकती है। 19 मार्च तक, भारत के पास कुल 61.14 लाख टन यूरिया का भंडार था, जो एक साल पहले इसी अवधि के 55.22 लाख टन से ज्यादा है।

- पेट्रोनेट एलएनजी ने भी अपरिहार्य स्थिति की घोषणा की
- जलडमरूमध्य व्यवधान से कंपनियों को आपूर्ति में व्यवधान
- गेल, आईओसी और बीपीसीएल ने आपूर्ति में की कटौती

**परिचालन में समन्वय टूट गया**

इन हालात में काम करने का मतलब है कि आप कम उर्वरक बनाने के लिए ज़्यादा ऊर्जा खर्च कर रहे हैं, और यह सीधे तौर पर वित्तीय नुकसान है। उर्वरक कंपनियों के अधिकारियों का कहना है कि परिचालन में समन्वय भी टूट गया है, जिससे स्थिति और खराब हो गई है। उद्योग के एक अन्य सूत्र ने कहा कि इस तरह के अचानक लोड में बदलाव बड़ी ट्रेन-आधारित अमोनिया-यूरिया संयंत्रों के लिए व्यावहारिक रूप से मुमकिन नहीं हैं।

***गैस की आपूर्ति घटाकर 60 से 65 फीसदी की***

*उद्योग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, गैस आपूर्ति सामान्य स्तर से घटाकर 60-65 प्रतिशत तक कर कर दी गई है। उन्होंने कहा कि कुछ इकाइयों के लिए प्रभावी आपूर्ति 50 प्रतिशत से नीचे आ गई है। इस वजह से, जिन संयंत्रों पर असर पड़ा है, वहां यूरिया का उत्पादन लगभग 50 प्रतिशत कम हो गया है।*

***ऊर्जा की खपत 40 फीसदी तक बढ़ी***

*संयंत्र अधिकारियों के मुताबिक, वहीं इसके उलट इन जगहों पर ऊर्जा की खपत की खपत 40 प्रतिशत तक बढ़ गई है, क्योंकि कम लोड पर चलने वाली बड़ी अमोनिया-यूरिया ट्रेन की तापीय दक्षता में भारी गिरावट आई है। एक संयंत्र के परिचालन प्रबंधक ने कहा , ''इस पैमाने के संयंत्र अपनी मर्जी से उत्पादन बढ़ाने या घटाने के लिए डिजाइन नहीं किए गए हैं।''*

# जेएसडब्ल्यू एमजी का ईवी विंडसर की बिक्री बढ़ाने गैर-महानगरों पर ध्यान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- मॉडल विंडसर की बिक्री में 70 फीसदी योगदान
- एमजी विंडसर को अक्टूबर, 2024 में पेश किया गया था

जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के सबसे ज़्यादा बिकने वाले इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) मॉडल विंडसर की बिक्री में 70 प्रतिशत योगदान गैर-महानगरों का है। ऐसे में कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना है इसी का लाभ उठाकर और जागरूकता बढ़ाकर जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर अपनी बिक्री बढ़ाने का प्रयास कर ही है।

एमजी विंडसर को अक्टूबर, 2024 में पेश किया गया था। तब से अब तक इस मॉडल की कुल बिक्री लगभग 65,000 इकाई रही है। इस मॉडल की कुल बिक्री में से, चार महानगरों- दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और चेन्नई का हिस्सा 30 प्रतिशत रहा है। शेष भारत ने इसमें 70 प्रतिशत का योगदान दिया है। इस रुख पर जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी विनय रैना ने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहन की बिक्री शुरू में महानगरों में ही थी, जिसका मुख्य कारण कम जागरूकता और ऐसे उत्पाद की कमी थी जो सच में आम लोगों को पसंद आते ।

रैना ने दावा किया, ''एमजी विंडसर के आने से यह माहौल बदल गया और यह मॉडल गैर-महानगर शहरों में ईवी की स्वीकार्यता बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रहा है। यह सही समय पर पेश किया गया सही उत्पाद था।

**एमजी के पास कॉमेट और जेडएस ईवी मॉडल भारत में**

जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के पास कॉमेट और जेडएस ईवी जैसे अन्य इलेक्ट्रिक मॉडल हैं। अक्टूबर, 2024 से फरवरी, 2026 तक कंपनी ने भारत में इलेक्ट्रिक वाहन की कुल एक लाख इकाइयां बेची हैं। वर्ष 2025 में कंपनी ने परंपरागत इंजन वाली गाड़ियों सहित कुल बिक्री में सालाना आधार पर 19 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की और उसकी बिक्री 70,554 इकाई रही।

# कच्चे तेल की कीमतों से तय होगी इस सप्ताह शेयर बाजार की चाल



- पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से निवेशकों की धारणा प्रभावित
- रामनवमी पर गुरुवार को शेयर बाजार रहेगा बंद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से जुड़े घटनाक्रमों और कच्चे तेल की कीमतों से तय होगी। विशेषज्ञों ने यह अनुमान जताते हुए कहा कि वैश्विक बाजारों के रुझान, विदेशी निवेशकों के रुख और रुपये-डॉलर की चाल भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित करेगी। 'राम नवमी' के उपलक्ष्य में बृहस्पतिवार को शेयर बाजार बंद रहेंगे।'मौजूदा वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच इस सप्ताह बाजार आंकड़ों के प्रति संवेदनशील रह सकता है। पश्चिम एशिया संघर्ष और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव प्रमुख बाहरी कारक बने रहेंगे और निकट अवधि में बाजार रुझान को तय करेंगे। मिश्रा ने आगे कहा, ''घरेलू मोर्चे पर निवेशक विनिर्माण, सेवाओं और कंपोजिट श्रेणियों के लिए एचएसबीसी के पीएमआई के आंकड़ों पर बारीकी से नजर रखेंगे, जो व्यावसायिक गतिविधियों के रुझानों का शुरुआती संकेत देगा।

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव, कमजोर होते रुपये और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों का भारत की वृद्धि और कॉरपोरेट आय पर पड़ने वाले प्रभाव की चिंताओं के कारण, विदेशी निवेशकों ने इस महीने अब तक भारतीय शेयरों से 88,180 करोड़ रुपये निकाल लिए हैं।

**पिछले सप्ताह सेंसेक्स में 31 अंक की गिरावट**

कच्चे तेल की कीमतों में कमी या तनाव कम होने के किसी भी संकेत से तेजी आ सकती है, जबकि तनाव बढ़ने से बाजार पर और दबाव पड़ सकता है। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स में 30.96 अंक (0.04 प्रतिशत) और एनएसई निफ्टी में 36.6 अंक (0.15 प्रतिशत) की गिरावट दर्ज की गई थी।

### सरकार ने निर्यात ऋण के लिए किया संशोधन



**नई दिल्ली।** सरकार ने 25,060 करोड़ रुपये के निर्यात प्रोत्साहन मिशन के तहत खेप भेजने से पहले और खेप भेजने के बाद निर्यात ऋण के लिए ब्याज सहायता योजना के दिशानिर्देशों में संशोधन किया है। इन बदलावों के अनुसार जिस तारीख से ऋण खाते को गैर-निष्पादित संपत्ति (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा, उस तारीख से कोई सहायता लाभ नहीं दिया जाएगा। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक नोटिस में कहा कि ब्याज सहायता योजना केवल दो जनवरी या उसके बाद जारी किए गए निर्यात ऋण के संबंध में लागू होगी।

## आरबीआई ने एचएसबीसी पर लगाया 31 लाख का जुर्माना

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने हांगकांग एंड शंघाई बैंकिंग कॉरपोरेशन (एचएसबीसी) पर 31.8 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। बैंक पर निष्क्रिय खातों और बिना दावे वाली जमा राशि से जुड़े कुछ निर्देशों का पालन नहीं करने का आरोप है। आरबीआई ने बयान में कहा कि बैंक की निगरानी संबंधी जांच उसके 31 मार्च, 2025 तक के वित्तीय हालात के आधार पर की गई थी। जांच में आरबीआई के निर्देशों के पालन में कमी मिलने के आधार पर बैंक को नोटिस जारी किया गया। केंद्रीय बैंक ने कहा कि नोटिस पर बैंक के जवाब, अतिरिक्त प्रस्तुतियां और व्यक्तिगत सुनवाई के दौरान दी गई मौखिक दलीलों पर विचार करने के बाद यह पाया गया कि बैंक पर लगे आरोप सही हैं। इसी कारण उस पर आर्थिक जुर्माना लगाया गया।

# सरकार आईडीबीआई में ओएफएस के माध्यम से हिस्सेदारी बेचेगी

- वर्तमान में आईडीबीआई बैंक में सार्वजनिक हिस्सेदारी केवल 5.29 प्रतिशत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



सरकार आईडीबीआई बैंक में सार्वजनिक हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए बिक्री पेशकश (ओएफएस) के माध्यम से शेयर बेचने पर विचार कर सकती है। यह कदम उस कोशिश के बाद उठाया जा रहा है, जिसमें एलआईसी-नियंत्रित बैंक में हिस्सेदारी बेचने का प्रयास असफल रहा। वर्तमान में आईडीबीआई बैंक में सार्वजनिक हिस्सेदारी केवल 5.29 प्रतिशत है, जिससे बैंक का सही मूल्यांकन करना मुश्किल हो जाता है। बाकी के शेयर बीमा कंपनी एलआईसी के पास हैं, जिसके पास 49.24 प्रतिशत हिस्सेदारी और बैंक पर नियंत्रण है।

*शेयर का सही मूल्य तय करना मुश्किल : सूत्रों के अनुसार, आईडीबीआई बैंक में कम फ्री फ्लोट यानी सार्वजनिक हिस्सेदारी होने के कारण शेयर का सही मूल्य तय करना मुश्किल है। अगर इसे 10–15 प्रतिशत तक बढ़ाया जाए तो शेयर का मूल्य निर्धारण अधिक भरोसेमंद और पारदर्शी हो जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि रणनीतिक बिक्री (ओएफएस) के एक या दो चरणों के बाद भी की जा सकती है।*

# भारत एक दीर्घकालिक निवेश बाजार : अमेजन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



अमेजन भारत को एक दीर्घकालिक निवेश बाजार के रूप में देखती है, जहां ई-कॉमर्स अभी भी अपने शुरुआती चरण में है। कंपनी के एक वरिष्ठ कार्यकारी ने कहा कि मजबूत व्यापक आर्थिक आधार और सकारात्मक उपभोक्ता धारणा के दम पर यहां वृद्धि की पर्याप्त गुंजाइश है।

- ई-कॉमर्स में वृद्धि की जबर्दस्त गुंजाइश

अमेजन के भारत और ऑस्ट्रेलिया के परिचालन उपाध्यक्ष अभिनव सिंह ने कहा कि कंपनी ने हाल में 12.5 करोड़ उत्पादों पर 'शून्य रेफरल शुल्क' का विस्तार किया है, जिस पर विक्रेताओं से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली है। उन्होंने कहा, ''विक्रेता न केवल शुल्क कटौती से उत्साहित हैं, बल्कि वे इन लाभ को ग्राहकों तक पहुंचाने के लिए भी उत्सुक हैं। इससे बाजार में बेहतर कीमतें मिल सकेंगी। साथ ही, वे अपना मार्जिन भी सुधार पा रहे हैं। सिंह ने पीटीआई-भाषा को बताया कि भारत के लिए कंपनी का नजरिया बेहद मजबूत है। उन्होंने कहा, ''हमारा मानना है कि भारत में ई-कॉमर्स अभी बस शुरू ही हुआ है।

*35 अरब डॉलर निवेश की घोषणा : अमेजन ने हाल ही में 2030 तक भारत में अपने व्यवसायों में 35 अरब डॉलर से अधिक के निवेश की घोषणा की है, जो इस बाजार में पहले से निवेश किए गए करीब 40 अरब डॉलर के अतिरिक्त होगा। दिसंबरख 2025 की घोषणा के अनुसार, यह निवेश एआई-संचालित डिजिटलीकरण, निर्यात वृद्धि और रोजगार सृजन जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित होगा।*

### कंपनियों को शुरूआती गर्मी की मांग प्रभावित होने की आशंका

# बेमौसम बारिश से एसी बनाने वाली कंपनियां हुई सतर्क

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश के कई हिस्सों में हाल ही में हुई बेमौसम बारिश के बाद एयर कंडीशनर (एसी) बनाने वाली कंपनियां सतर्क हो गई हैं। कंपनियों को आशंका है कि इससे गर्मी की शुरुआत में एसी की मांग प्रभावित हो सकती है, जबकि यही समय उनकी बिक्री के लिए सबसे अहम होता है। उद्योग जगत की चिंता सिर्फ मौसम तक सीमित नहीं है। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण कच्चे माल, खासकर प्लास्टिक की कीमतें बढ़ रही हैं। साथ ही एलपीजी गैस की आपूर्ति भी कम हो गई है, जिससे उत्पादन पर असर पड़ रहा है। कंपनियों का कहना है कि प्लास्टिक महंगा होने से वॉशिंग मशीन और फ्रिज जैसे बड़े घरेलू उपकरणों की कीमतें 10 से 12 प्रतिशत तक बढ़ सकती हैं।

**मौसम के रुख से कंपनियां असमंजस में**

आमतौर पर मार्च महीने में गर्मी बढ़ने लगती है और ठंडक प्रदान करने वाले उत्पादों की मांग तेज हो जाती है, लेकिन इस बार मौसम के बदले रुख से कंपनियां असमंजस में हैं। हालांकि, उन्हें उम्मीद है कि अप्रैल में तापमान बढ़ेगा और मांग भी सुधरेगी। गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के उपकरण कारोबार के प्रमुख कमल नंदी ने कहा कि अगले हफ्ते के बाद दिल्ली और उत्तर भारत में तापमान बढ़ने के संकेत हैं। नंदी ने कहा कि अभी बिक्री पर असर को लेकर कुछ कहना जल्दबाजी होगी।



- पश्चिम एशिया में तनाव से कच्चे माल की कीमतें बढ़ रही

**अप्रैल में फिर से कीमतें बढ़ाई जा सकती है**

नंदी ने कहा कि कंपनियां इस साल पहले ही कीमतें बढ़ा चुकी हैं, जब जनवरी से नए ऊर्जा लेबलिंग नियम लागू हुए। अब कच्चे माल और ढुलाई लागत बढ़ने के कारण अप्रैल में फिर से कीमतें बढ़ाई जा सकती हैं। गोडरेज ने एक अप्रैल से एसी की कीमतों में पांच से 10 प्रतिशत तक बढ़ोतरी का संकेत दिया है।

**उत्पादन में 20 से 30 फीसदी की कटौती**

हायर इंडिया के अध्यक्ष एन. एस. सतीश ने बताया कि कारखानों को मिलने वाली एलपीजी गैस की आपूर्ति कम कर दी गई है। अगर यह स्थिति बनी रहती है तो गर्मी के व्यस्त सीजन से पहले उत्पादन में 20 से 30 प्रतिशत तक कटौती करनी पड़ सकती है।

**उद्योगों को एलपीजी की आपूर्ति घटी**

सरकार ने घरेलू रसोई गैस को प्राथमिकता देने के लिए उद्योगों को मिलने वाली एलपीजी आपूर्ति को उनकी औसत खपत के 80 प्रतिशत से घटाकर 65 प्रतिशत कर दिया है। इससे एसी विनिर्माण में इस्तेमाल होने वाली प्रक्रियाओं पर असर पड़ रहा है।

# रायपुर का नया लैंडमार्क बना 'वेदांता ग्रीन्स' 1800 विज़िट्स और 145 प्लॉट की बुकिंग्स



**रायपुर।** वेदांता ग्रीन्स ने शहर के रियल एस्टेट बाजार में लॉन्च के साथ ही नई पहचान बना ली है। ओल्ड धमतरी रोड, छछानपैरी स्थित इस प्रीमियम टाउनशिप को पहले ही दिन से खरीदारों का जबरदस्त प्रतिसाद मिला।

अब तक करीब 1800 संभावित ग्राहकों ने साइट का दौरा किया, जबकि 145 परिवारों ने प्लॉट बुक कर प्रोजेक्ट पर भरोसा जताया है। उत्साहजनक प्रतिक्रिया को देखते हुए आयोजकों ने लॉन्च कार्यक्रम को एक दिन और बढ़ाने का निर्णय लिया है। अष्टविनायक रियल्टीज़ और शुभ ड्रीम होम्स प्रा. लि. के संयुक्त तत्वावधान में विकसित यह परियोजना लगभग 30 एकड़ में फैली है। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग से अनुमोदित और रेरा पंजीकृत इस टाउनशिप में 497 प्लॉट्स शामिल हैं, जिनमें आवासीय, एलआईजी और कमर्शियल विकल्प उपलब्ध हैं। 30 से 60 फीट चौड़ी सड़कों, सात लैंडस्केप गार्डन और आधुनिक क्लब हाउस जैसी सुविधाएं इसे खास बनाती हैं। कंपनी के निदेशक अजय सिंधवानी ने कहा कि परियोजना केवल प्लॉट बिक्री नहीं, बल्कि दीर्घकालिक निवेश का अवसर है। वहीं शुभम अदलखा ने विश्वस्तरीय सुविधाओं को इसकी प्रमुख ताकत बताया। अष्टविनायक रियल्टीज़ के सीएमडी संतोष लोहाना के अनुसार, ओल्ड धमतरी रोड तेजी से विकास का नया केंद्र बन रहा है। बेहतर कनेक्टिविटी, शैक्षणिक संस्थानों और अस्पतालों की निकटता के साथ यह प्रोजेक्ट निवेशकों और घर खरीदारों के लिए आकर्षण का केंद्र बनता जा रहा है।

- आज भी जारी रहेगा लॉन्च कार्यक्रम



# मियामी ओपन: यानिक ने दामिर जुमहुर को 6-3, 6-3 से हराया

# सिनर ने की जोकोविच के रिकॉर्ड की बराबरी

एजेंसी ▶▶ मियामी

यानिक सिनर ने हार्ड रॉक स्टेडियम में खेले गए मियामी ओपन के पहले राउंड के मुकाबले में दामिर जुमहुर को 6-3, 6-3 से हराया। इस जीत के साथ सिनर ने दिग्गज नोवाक जोकोविच के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। सिनर मैच में अपनी डिलीवरी से सिर्फ आठ अंक पीछे रह गए। नवंबर में पेरिस मास्टर्स और इंडियन वेल्स में अपने खिताबी जीत के बाद अब एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट्स में लगातार 24 सेट जीत कर नोवाक जोकोविच के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। उनके पास 30वीं सीड कोरेंटिन मौटेट के खिलाफ अपने तीसरे राउंड के मुकाबले का पहला सेट जीतकर जोकोविच से आगे निकलने का मौका होगा, जिन्होंने टॉमस माचाक को 6-0, 1-6, 6-4 से हराया था।

## 'सनशाइन डबल' पूरा करने वाले खिलाड़ी बनने की कोशिश

सिनर मियामी में अपना दूसरा खिताब जीतने की कोशिश कर रहे हैं। पूर्व में 2024 में वह चैंपियन रहे थे। सिनर के पास साउथ फ्लोरिडा में डिफेंड करने के लिए कोई एटीपी रैंकिंग पॉइंट नहीं है, जिससे उन्हें विश्व के नंबर 1 खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज के साथ अपनी लड़ाई में और मोमेंटम बनाने का मौका मिल रहा है। इंडियन वेल्स में 2026 के लिए अपनी पहली ट्रॉफी उठाने के बाद, इटालियन खिलाड़ी 2017 में रोजर फेडरर के बाद मशहूर 'सनशाइन डबल' पूरा करने वाले पहले खिलाड़ी बनने की कोशिश कर रहे हैं।

## कभी-कभी स्कोरबोर्ड मायने रखता है: सिनर

*जीत के बाद सिनर ने कहा, मुझे लगता है कि कभी-कभी स्कोरबोर्ड मायने रखता है। मेरे लिए, मैं एक खिलाड़ी के तौर पर बेहतर होने की कोशिश करता हूं और खुद को ज्यादा से ज्यादा मैच खेलने की स्थिति में रखता हूं। मैं हमेशा हर विरोधी के साथ एक जैसा बर्ताव करता हूं, कोर्ट पर आकर अच्छे रवैये के साथ अपना बेस्ट देने की कोशिश करता हूं और इसके लिए पूरी कोशिश करता हूं।*



## ज्वेरेव ने की जीत के साथ शुरुआत

इंडियन वेल्स के सेमी-फाइनलिस्ट ज्वेरेव ने मियामी ओपन में अपने कैंपेन की शुरुआत जीत के साथ की है। जर्मन खिलाड़ी ने वाइल्डकार्ड मार्टिन डैम को 6-2, 6-4 से आसानी से हराकर अपना पहला मुकाबला आसानी से जीता। इस जीत ने इस दशक में एटीपी मास्टर्स 1000 लेवल पर ज्वेरेव के शानदार रिकॉर्ड को और मजबूत किया, जिससे उनकी जीत की संख्या 103 हो गई। इसने टॉप 100 से बाहर रैंक वाले खिलाड़ियों के खिलाफ उनके दबदबे को भी बढ़ाया और हाल के सीजन में बाएं हाथ के खिलाड़ियों के खिलाफ अपनी जीत की लय बरकरार रखी। ज्वेरेव अब अनुभवी खिलाड़ी मारिन सिलिक से भिड़ेंगे। क्रोएशियाई खिलाड़ी ने तीन सेट के कड़े मुकाबले में ब्रैंडन नाकाशिमा को हराकर जीत हासिल की, और जीत के रास्ते में एक मैच अंक बचाया।

## शेवचेंको ने की जबरदस्त वापसी, पहुंचें तीसरे राउंड में

एलेक्जेंडर शेवचेंको ने जबरदस्त वापसी करते हुए अपने पसंदीदा बेन शेल्टन को नॉक आउट कर दिया, जबकि तीसरी सीड वाले ज्वेरेव रविवार को मियामी ओपन में आराम से तीसरे राउंड में पहुंच गए। शेवचेंको ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए दूसरे राउंड के मैच में शेल्टन पर 6-7(3), 7-6(3), 6-3 से जीत हासिल की, जिससे अमेरिकी खिलाड़ी अपने होम स्टेट फ्लोरिडा के सबसे बड़े टूर्नामेंट में से एक में एक बार फिर जल्दी बाहर हो गए। यह जीत वर्ल्ड नंबर 84 के टॉप 10 अपोनेंट पर करियर की तीसरी जीत थी और इससे उन्हें चौथी बार एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट के तीसरे राउंड में पहुंचने में मदद मिली। कजाकिस्तान का यह खिलाड़ी दूसरा सेट लगभग हार ही गया था, लेकिन टाई-ब्रेक में उसने अपना लेवल बढ़ाकर निर्णायक सेट करा दिया। फिर उसने तीसरे सेट में आक्रामक टेनिस खेला, और शेल्टन पर दबाव डालने के लिए जल्दी निर्णायक ब्रेक हासिल किया।



## खबर संक्षेप



### पीएसएल को झटका, राजस्थान रॉयल्स से जुड़ेंगे शनाका

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान सुपर लीग को एक और करारा झटका लगा जब श्रीलंका के कप्तान और हरफनमौला दासुन शनाका ने आगामी इंडियन प्रीमियर लीग में चोटिल सैम कुरेन की जगह राजस्थान रॉयल्स से जुड़ने का फैसला किया। इससे पहले जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी ने मुस्ताफिजूर रहमान की जगह कोलकाता नाइट राइडर्स का हिस्सा बनने के लिए इस्लामाबाद युनाइटेड के साथ करार तोड़ा था। टीम के एक सूत्र ने बताया,' पीएसएल के साथ औपचारिकताएं पूरी होने के बाद दासुन आईपीएल करार पर हस्ताक्षर करेंगे।

### 26 मार्च से दर्शकों के बिना होगा पीएसएल

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने कहा कि ईरान-अमेरिका-इस्राइल युद्ध के कारण क्षेत्र में तनाव को देखते हुए पाकिस्तान सुपर लीग का



पहला चरण दर्शकों के बिना होगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख मोहसिन नकवी ने कहा कि पीएसएल का यह सत्र कराची और लाहौर में ही खेला जाएगा। उन्होंने कहा,' पीएसएल अंतरराष्ट्रीय ब्रांड और हमारा गौरव है। यह लीग 26 मार्च से ही होगी लेकिन दर्शकों को अनुमति नहीं रहेगी। 'नकवी ने कहा, 'क्षेत्र के हालात को देखते हुए मितव्ययिता की दृष्टि से यह कदम उठाया गया है।

### सही दिशा में आगे बढ़ रही है पंजाब किंग्स टीम: इरफान

**नई दिल्ली।** पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान का कहना है कि नीलामी में समझदारी भरे और



साहसिक फैसले लेने के बाद पंजाब किंग्स अब ' सही दिशा में आगे बढ़ रही है', जिससे इंडियन प्रीमियर लीग खिताब के लिए उसका लंबा इंतजार खत्म होने की उम्मीदें बढ़ गई हैं। पठान ने कहा कि नेतृत्व में स्पष्टता और अच्छी टीम का चयन करने से पंजाब बेहतर प्रदर्शन करने लग गया है। श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली यह टीम पिछले साल उपविजेता रही थी।

## न्यूजीलैंड पर भारी पड़े अफ्रीकी स्पिनर्स 145 रन पर किया ढेर

# दक्षिण अफ्रीका ने न्यूजीलैंड को दी पटखनी, सीरीज में 2-2 की बराबरी

एजेंसी ▶▶ वेलिंगटन

साउथ अफ्रीका के स्पिनर्स ने कमाल का खेल दिखाया, जिसका नतीजा ये रहा कि साउथ अफ्रीका ने चौथे टी20 पर कब्जा कर लिया है। अफ्रीकी टीम ने न्यूजीलैंड को 19 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ सीरीज फिलहाल दो-दो की बराबरी पर है और आखिरी और 5वां टी20 25 मार्च को खेला जाएगा।

### न्यूजीलैंड की बैटिंग रही फ्लॉप

न्यूजीलैंड के लिए चौथा टी20 मुकाबला आसान हो सकता था। टीम ने अफ्रीकी टीम को 5 विकेट पर 164 रन पर रोक लिया था। न्यूजीलैंड की टीम जब लक्ष्य का पीछा करने उतरी तब 10 ओवरों में टीम 3 विकेट गंवा 88 रन बना लिए थे। टीम सेशन में लगातार विकेट गंवाती रही और 18.5 ओवरों में पूरी टीम 145 रन पर ढेर हो गई। मैच उस वक्त साउथ अफ्रीका के पाले में चला गया जब टीम के फेवरेट स्पिनर केशव महाराज और प्रेनेलन सुब्रयन ने मिडिल ओवरों में न्यूजीलैंड टीम पर पूरा दबाव बना दिया था।



### न्यूजीलैंड के रॉबिन्सन ने खेली शानदार पारी

न्यूजीलैंड की बैटिंग की बात करें तो टीम के ओपनर टीम रॉबिन्सन ने सबसे ज्यादा 32 रन बनाए। उनके अलावा और कोई बैटर कुछ खास नहीं कर पाया। डेन क्लेवर ने 26, निक केली ने 19, कोल मैकॉन्ची ने 10 और जोश क्लार्कसन ने 10 रन बटोरे।

# आईपीएल 2026: एलएसजी के लिए बैटिंग पोजिशन में बदलाव करेंगे पंत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की टी20 टीम में वापसी करने की कवायद में लगे ऋषभ पंत 28 मार्च से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस सत्र में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए तैयार हैं। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के कप्तान के रूप में पंत के लिए यह सत्र निर्णायक साबित हो सकता है। उनके लिए काफी कुछ दांव पर लगा है क्योंकि फ्रेंचाइजी ने 2025 की मेगा नीलामी में उन्हें रिकॉर्ड 27 करोड़ रुपए में अपनी टीम से जोड़ा था। पिछले साल के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद अगर पंत इस सत्र में अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो वह भविष्य में भारत की टी20 योजनाओं का हिस्सा बन सकते हैं।



### ऋषभ का पिछले प्रदर्शन निराशाजनक

आईपीएल सूत्रों के अनुसार, 'टीम प्रबंधन और पंत दोनों इस बात से सहमत हैं कि उनके लिए तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करना उपयुक्त होगा। इस साल उनके शीर्ष क्रम में एडन मार्क्रम, मिचेल मार्श और पंत शामिल होंगे।'

### पंत के लिए आगामी सत्र महत्वपूर्ण

पंत के लिए आईपीएल का आगामी सत्र काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसमें वह अपनी कीमत को जायज ठहराने के अलावा खेल के सबसे छोटे प्रारूप में अपनी प्रासंगिकता बनाए रखने की भी कोशिश करेंगे। पंत ने पिछले सत्र में अधिकतर समय चौथे नंबर पर बल्लेबाजी की थी लेकिन तब वह आखिर के कुछ मैचों में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए उतरे थे। उस समय तक हालांकि लखनऊ की वापसी की संभावना समाप्त हो गई थी। पंत के तीसरे नंबर पर उतरने का मतलब होगा कि निकोलस पूरन को बल्लेबाजी क्रम में नीचे आना पड़ेगा। एलएसजी की टीम अभी लखनऊ में अपने घरेलू मैदान पर अभ्यास कर रही है।

# डुप्लांटिस ने चौथी बार जीता विश्व इंडोर पोल वॉल्ट खिताब

एजेंसी ▶▶ टोरुन



आर्मंड डुप्लांटिस ने यूनान के एम्मानौइल करालिस से कड़ी टक्कर मिलने के बावजूद अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए पोल वॉल्ट में एक और विश्व खिताब जीता। डुप्लांटिस ने 6.25 मीटर की कूद लगाकर लगातार चौथी बार विश्व इंडोर चैंपियनशिप जीती, जो कि एक साल पहले नानजिंग में उनके पिछले रिकॉर्ड से 10 सेंटीमीटर अधिक है। इन दोनों के अलावा अन्य खिलाड़ी 6.05 मीटर तक ही पहुंच पाए। डुप्लांटिस ने 6.10, 6.15 और फिर 6.25 मीटर कूद लगाई। करालिस ने 6.10 और 6.15 मीटर की लंबाई सफलतापूर्वक पार की, लेकिन 6.25 पर अपने प्रयास में चूक गए, और लगातार दूसरे वर्ष उपविजेता रहे। डुप्लांटिस ने अपना पोल एक तरफ रख दिया और अपने 6.31 मीटर के उस विश्व रिकॉर्ड को तोड़ने का प्रयास नहीं किया, जो उन्होंने पिछले सप्ताह स्वीडन में उनके नाम पर आयोजित मोंडो क्लासिक प्रतियोगिता में बनाया था।

# ऑस्ट्रेलिया का घरेलू इंटरनेशनल सीरीज का शेड्यूल जारी, भारत के खिलाफ पांच टेस्ट

एजेंसी ▶▶ मेलबर्न

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अपना 2026-27 का अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर जारी किया, जिसमें उसका कार्यक्रम काफी व्यस्त है और इसलिए उसे जनवरी से मार्च तक भारत में होने वाली पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला की प्रतिष्ठित बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले तैयारी के लिए बहुत कम समय मिलेगा। अगले साल भारत के खिलाफ होने वाली पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला पैट कमिंस की उम्रदराज टीम के लिए, निर्णायक साबित हो सकती है। उसको इसके लिए तैयारी का बहुत कम समय मिलेगा क्योंकि ऑस्ट्रेलिया को दिसंबर और मार्च के बीच 14 सप्ताह के अंदर 10 टेस्ट मैच खेलने हैं।




### अगस्त में बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैच

ऑस्ट्रेलिया अपने घरेलू सत्र की शुरुआत अगस्त 2026 में बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैच से करेगा और इसका समापन मार्च 2027 में एमसीजी में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर खेले जाने वाले दिन रात्रि टेस्ट मैच से होगा। ऑस्ट्रेलिया की इस व्यस्त कार्यक्रम में भारत के खिलाफ उसकी धरती पर होने वाली टेस्ट श्रृंखला में असली परीक्षा होगी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक बयान में कहा, 'बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का वह दौरा कमिंस, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, जोश हेज़लवुड और नाथन लियोन जैसे खिलाड़ियों के लिए आखरी चुनौती होगी क्योंकि उन्होंने अभी तक भारत में कभी कोई श्रृंखला नहीं जीती है।'

## न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 3-1 की बढ़त

# न्यूजीलैंड ने टी20 सीरीज पर जमाया कब्जा

एजेंसी ▶▶ वेलिंगटन

साउथ अफ्रीका की महिला टीम को न्यूजीलैंड ने अपने घर पर खेली जाने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज के चौथे मैच में भी हरा दिया। न्यूजीलैंड के लिए जेस केर ने तीन विकेट चटकाए, जबकि साउथ अफ्रीका ने 159 रन का टोटल बनाया। इसके जवाब में न्यूजीलैंड की धाकड़ बल्लेबाज सोफी डिवाइन ने 34 गेंद में छह चौके और चार छक्के की मदद से 64 रन की बेहतरीन पारी खेली, जिससे उनकी टीम ने आसानी से 18.3 ओवर में चार विकेट पर 160 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। इसके साथ ही न्यूजीलैंड ने पांच मैचों की टी20 सीरीज पर 3-1 से कब्जा जमा लिया है।

- साउथ अफ्रीका ने 20 ओवर में छह विकेट पर 159 रन बनाए



### न्यूजीलैंड के लिए जेस केर ने लिए तीन विकेट

वेलिंगटन के मैदान में साउथ अफ्रीका की महिला टीम पहले बैटिंग करने उतरी। नंबर चार पर आने वाली एनेरी डर्कसेन ने 32 गेंद में आठ चौके और एक छक्का लगाकर 55 रन की नाबाद पारी खेली, जिससे साउथ अफ्रीका ने 20 ओवर में छह विकेट पर 159 रन का टोटल खड़ा किया। न्यूजीलैंड के लिए सबसे अधिक तीन विकेट जेस केर ने चार ओवर में सिर्फ 16 रन देकर लिए।

### सोफी ने खेली तूफानी पारी

160 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम 57 रन के स्कोर तक दो विकेट खो चुकी थी। तभी नंबर चार पर आने वाली सोफी डिवाइन ने मोर्चा संभाला और कप्तान ऐमिलिया केर ने उनका साथ निभाया। ऐमिलिया केर ने 29 गेंद में चार चौके लगाकर 31 रन बनाए, जबकि सोफी डिवाइन ने 34 गेंद में छह चौके और चार छक्के की मदद से 64 रन की पारी खेली। इसके चलते न्यूजीलैंड की महिला टीम ने 18.3 ओवर में चार विकेट पर 160 रन बनाकर छह विकेट से जीत दर्ज की।

## बुंडेसलीगा फुटबॉल टूर्नामेंट

# खिताब के करीब बायर्न म्यूनिख केन ने दागा शानदार गोल



एजेंसी ▶▶ बर्लिन

इंग्लैंड के स्टार खिलाड़ी हैरी केन ने एक बार फिर गोल किया, जिससे बायर्न म्यूनिख ने यूनियन बर्लिन को 4-0 से हराकर 14 वर्षों में अपना 13वां बुंडेसलीगा फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीतने की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ाया। केन ने हाफ टाइम के बाद जर्मनी की इस लीग के वर्तमान सत्र में अपना 31वां गोल दागा। अभी इस लीग में सात दौर का खेल होना बाकी है और ऐसे में केन के पास रॉबर्ट लेवांडोव्स्की के एक सत्र में सर्वाधिक 41 गोल करने का रिकॉर्ड तोड़ने का मौका है। बायर्न की तरफ से सर्गे ग्नाब्री ने दो गोल किए और माइकल ओलिस ने भी एक गोल दागा। इस तरह से उसके इस सत्र में 97 गोल हो गए हैं और वह 1971-72 में बनाए गए 101 गोल के अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ने के करीब पहुंच गया है। बायर्न के इस जीत से 27 मैच में 70 अंक हो गए हैं और वह दूसरे नंबर पर काबिज डॉर्टमंड से नौ अंक आगे हो गया है।

### चैंपियंस लीग : लिवरपूल और चेल्सी को बाहर होने का खतरा

**लिवरपूल।** लगातार खराब प्रदर्शन के कारण लिवरपूल और चेल्सी के लिए प्रीमियर लीग फुटबाल टूर्नामेंट का खिताब तो दूर की कौड़ी बनता ही जा रहा है, बल्कि उन पर अब चैंपियंस लीग में जगह बनाने की दौड़ से बाहर होने का खतरा भी मंडरा रहा है। लिवरपूल को इस सत्र में प्रीमियर लीग में 10वीं जबकि चेल्सी को 10 दिनों में लगातार चौथी हार का सामना करना पड़ा है। ब्राइटन के हाथों 2-1 से मिली हार से लिवरपूल का अपने खिताब का बचाव करने की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। मौजूदा चैंपियन टीम पिछले तीन मैच में जीत हासिल नहीं कर पाई है। इसके कुछ घंटों बाद चेल्सी को एवर्टन ने 3-0 से हरा दिया। लिवरपूल लीग में पांचवें स्थान पर बना हुआ है। वह चेल्सी से एक अंक और एक स्थान आगे है। प्रीमियर लीग में शीर्ष पांच में रहने वाली टीम ही अगले सत्र के लिए चैंपियंस लीग में जगह बनाएंगी।




मिडिल ईस्ट में चल रहे जंग के बीच आज पूरी दुनिया की धड़कनें थमी हुई हैं, तो इसकी वजह है कच्चा तेल। जिसे आज 'काला सोना' कहा जाता है, उसका सफर करोड़ों साल पहले समुद्र की गहराइयों में दबे सूक्ष्म जीवों से शुरू हुआ था। हैरानी की बात यह है कि जिस तेल पर आज आधुनिक विमान उड़ रहे हैं, 5000 साल पहले उसी का एक रूप मिस्र की ममियों को सेफ रखने के लिए किया जाता था।

# 5 हजार साल पहले ममी बनाने में होता था इस्तेमाल, अब इसके लिए छिड़ जाती है जंग

**काहिरा।** मिडिल ईस्ट में चल रहे संघर्ष के बाद दुनिया भर में तेल-गैस को लेकर चिंताएं बढ़ गई है। कई देशों में तो तेल की कीमतें आसमान छूने लगी हैं। तेल यानी पेट्रोलियम आज की दुनिया की सबसे जरूरी प्राकृतिक संपत्तियों में से एक है, लेकिन इसकी कहानी करोड़ों साल पुरानी है। क्या आपने कभी यह सोचा है कि जमीन की गहराई में मिलने वाला यह गाढ़ा, काला तरल पदार्थ आता कहां से है? यह कोई जादू नहीं, बल्कि प्रकृति की करोड़ों वर्षों की अथक मेहनत का परिणाम है।

### पहला व्यावसायिक तेल कुआं

तेल की खोज के बाद टाइटसविले में अमेरिका का पहला व्यावसायिक तेल कुआं खोदा गया। यहां तेल निकालने के लिए एक नई टेक्नोलॉजी का प्रयोग किया जाता था, जिसमें पाइपलाइन के जरिए बोर होल किया जाता, जिससे ज्यादा गहराई तक ड्रिलिंग की जा सके। तेल के कुएं की सफलता और केरोसिन की बढ़ती मांग ने क्रूड ऑयल की खोज को और तेज कर दिया, इसकी वजह से कई सारी नई इंडस्ट्री भी खड़ी हुईं। जमीन के अन्दर से जो तेल निकलता है वह कच्चा तेल यानी 'क्रूड ऑयल' होता है। इसे आप सीधे अपनी गाड़ी में नहीं डाल सकते। इसे इस्तेमाल में लाने के लिए पेट्रोलियम रिफाइनरी में भेजा जाता है।

## दिलचस्प है कच्चे तेल की कहानी




### आधुनिक दौर में कब हुई तेल की खोज

भले ही कच्चा तेल हजारों सालों से मौजूद था, लेकिन आधुनिक समय में इसकी जानकारी लोगों को नहीं थी। आधुनिक दौर में इसकी असली खोज 19वीं शताब्दी में हुई। दुनिया में पहली बार 27 अगस्त 1859 को अमेरिका में कच्चे तेल का स्रोत मिला। जॉर्ज बिसेल और एडविन एल. ड्रेक ने पेंसिल्वेनिया के टाइटसविले इलाके में एक खास ड्रिलिंग मशीन की सहायता से जमीन से लगभग 70 फीट तक खुदाई की। इसी दौरान उन्हें जमीन के नीचे तेल का कुआं मिला। यही घटना आधुनिक तेल उद्योग की शुरुआत मानी जाती है, क्योंकि यहीं से पहली बार व्यवस्थित तरीके से तेल की खोज और प्रोडक्शन शुरू हुआ था।

### कब से हो रहा है तेल का इस्तेमाल

अब आपके मन में यह सवाल जरूर आ रहा होगा कि तेल का इस्तेमाल कब से यानी कितने सालों से हो रहा है। तो इसका जवाब है लगभग 5000 साल पहले से। प्राचीन बेबीलोन और मिस्र सभ्यता में इसके इस्तेमाल के सबूत मिले हैं, लेकिन उस समय इसका इस्तेमाल ईंधन के रूप में नहीं, बल्कि खास कामों के लिए किया जाता है। उस समय ममी के ताबूतों पर कोटिंग करने के लिए एक काले, चिपचिपे पदार्थ का इस्तेमाल होता था।

## रोचक खबरें

## चपरासी को दिल दे बैठी प्रिंसिपल लव यू बोल बन गई दुल्हन

**इस्लामाबाद।** क्या आपने कभी सुना है कि किसी के चाय परोसने का अंदाज इतना जुदा हो सकता है कि सामने वाला उस पर अपना दिल ही हार बैठे। पाकिस्तान के मुल्तान से एक ऐसी ही अनोखी प्रेम कहानी सामने आई है, जहां एक प्रिंसिपल ने अपने ही स्कूल के चपरासी से निकाह कर लिया।



सोशल मीडिया पर इन दिनों एक ऐसी लव स्टोरी वायरल हो रही है, जिसने अमीरी-गरीबी और ओहदे की सारी दीवारें गिरा दी हैं। यह कहानी है पाकिस्तान के मुल्तान की एक स्कूल प्रिंसिपल फरजाना और उसी स्कूल के चपरासी फैयाज की। लेकिन, इस कहानी में ट्विस्ट यह है कि प्यार किसी बातचीत से नहीं, बल्कि चाय की प्याली से शुरू हुआ। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मुल्तान के एक सेकंडरी स्कूल की प्रिंसिपल फरजाना काफी पढ़ी-लिखी और कविता प्रेमी हैं। लेकिन, उनका दिल किसी रईसजादे पर नहीं, बल्कि अपने ही स्कूल के चपरासी फैयाज पर आया। फरजाना का कहना है कि वे फैयाज की सादगी और उनके काम करने के सलीके की कायल हो गईं।

**फैयाज से ऐसे हुईं इम्प्रेस :** फरजाना ने बताया कि फैयाज जिस सलीके और सम्मान के साथ उन्हें चाय सर्व करते थे, खासकर बिना एक बूंद नीचे गिराए, उनके उसी अंदाज ने उन्हें 'क्लीन बोल्ड' कर दिया। उन्होंने आगे कहा, सच्चा प्यार पद या ओहदा नहीं देखता। अक्सर लोग पद और प्रतिष्ठा के पीछे भागते हैं, लेकिन फरजाना ने समाज क्या कहेगा की परवाह किए बिना अपने दिल की बात सुनी। उन्होंने कहा कि फैयाज की विनम्रता और ईमानदारी को देखते हुए मैंने खुद आगे बढ़कर उन्हें प्रपोज किया और अब उनकी दुल्हन हैं। जैसे ही यह अनोखी प्रेम कहानी वायरल हुई, इंटरनेट पर कमेंट्स की मानो बाढ़ आ गई है। एक यूजर ने हैरान होकर लिखा, प्यार अंधा होता है, पर इतना अंधा। दूसरे ने चुटकी लेते हुए कहा, अब तो चाय सर्व करने की ट्रेनिंग लेनी पड़ेगी। एक अन्य यूजर ने कमेंट किया, ये पाकिस्तान है भैया, यहां कुछ भी हो सकता है। एक और यूजर ने कहा, कह दो कि ये झूठ है।

## गले में 8 साल तक फंसी रही मेटल की 12 सेमी चॉपस्टिक

**बीजिंग।** चीन से एक बेहद चौंकाने वाली खबर सामने आई है। यहां एक व्यक्ति 8 साल तक अपने गले में फंसी मेटल की चॉपस्टिक के साथ जीवित रहा। हाल ही में उसका सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया है, जिसमें डॉक्टरों ने हल्का चीरा लगाकर चॉपस्टिक को निकाल दिया। अगर हम आपसे कहें कि एक व्यक्ति के गले में 12 सेंटीमीटर लंबी लोहे की रॉड फंसी थी, और वह 8 साल तक चैन की नींद सोता रहा, तो क्या आप हमारी बातों पर यकीन करेंगे? जाहिर है, आप कहेंगे कि ऐसा कैसे मुमकिन हो सकता है। लेकिन, चीन के लियाओनिंग प्रांत से एक ऐसा ही अजीबोगरीब मामला सामने आया है, जिसने डॉक्टरों के भी होश उड़ा दिए हैं।



**आखिर रॉड गले में पहुंची कैसे :** एक रिपोर्ट के अनुसार, यह मामला डेलियन के रहने वाले वांग नाम के एक व्यक्ति का है। 8 साल पहले वांग नशे में खाना खा रहे थे, तभी उन्होंने गलती से 12 सेंटीमीटर लंबी मेटल की चॉपस्टिक निगल ली। हैरानी की बात यह है कि तब उन्हें थोड़ा दर्द हुआ, पर सांस लेने में कोई तकलीफ नहीं हुई। जब वांग डॉक्टर को दिखाने पहुंचे तो उन्होंने गर्दन में चीरा लगाकर चॉपस्टिक निकालने की सलाह दी। फिर क्या था, यह सुनकर वांग के पसीने छूट गए। उन्हें लगा कि गर्दन कटने से उनकी जान चली जाएगी। यह डर उनके मन में इस कदर हावी हो गया कि उन्होंने सर्जरी के बजाय गले में चॉपस्टिक के साथ ही जीने का फैसला कर लिया। जब कभी वांग को असहज महसूस होता, वह इसे शराब का साइड इफेक्ट समझकर नजरअंदाज कर देते थे। लेकिन, हाल ही में एक सुबह उठने के बाद उन्हें गले में असहनीय दर्द उठा और जब कुछ भी निगलना मुश्किल हो गया, तब वह भागते हुए हॉस्पिटल पहुंचे, जहां एक्स-रे रिपोर्ट देखकर डॉक्टरों के होश उड़ गए। डॉक्टर हुआंग वेइपेंग ने जब वांग की बात सुनी तो उन्हें यकीन ही नहीं हुआ कि वांग 8 साल से अपने गले में 'मौत' लेकर घूम रहे हैं। चॉपस्टिक उनके गले के तालू में फंसी हुई थी। राहत की बात यह रही कि इतने सालों में चॉपस्टिक ने किसी मुख्य अंग या नसों को नुकसान नहीं पहुंचाया था।

## मौसम

## अंतरिक्ष से दिखा डरावना नजारा! बादलों की चादर में लिपटा पूरा भारत

### सैटेलाइट तस्वीरों में देखें कहां-कहां बरसेगी आफत

**नई दिल्ली।** सैटेलाइट से आई ताजा तस्वीरों ने मौसम वैज्ञानिकों और आम लोगों की चिंता बढ़ा दी है। अंतरिक्ष से ली गई इन तस्वीरों में पूरा भारत बादलों की एक सफेद और मोटी चादर से ढका हुआ नजर आ रहा है। मार्च के महीने में इस तरह का क्लाउड कवर असामान्य माना जा रहा है, जिसके कारण देश के कई हिस्सों में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि का दौर शुरू हो गया है।

देश में मौसम ने अचानक ऐसी करवट ली है कि हर कोई उसे देखकर हैरान है। ऊपर आसमान में छाए घने बादलों ने पूरे भारत को जैसे एक चादर में ढक लिया हो. यह नजारा तब सामने आया है, जब देश के कई हिस्सों में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि ने दस्तक दी है। सैटेलाइट से सामने आई तस्वीरों में साफ दिख रहा है कि उत्तर से लेकर दक्षिण और पश्चिम से लेकर पूर्व तक हर तरफ बादलों का असर नजर आ रहा है।

### क्या आगे भी ऐसा रहेगा मौसम

फिलहाल ऐसा माना जा रहा है कि कुछ दिन तक यह असर बना रह सकता है। बादल और हल्की बारिश का सिलसिला जारी रह सकता है, लेकिन धीरे-धीरे मौसम फिर साफ होगा और गर्मी दोबारा बढ़ेगी। सैटेलाइट में दिखा यह नजारा सिर्फ एक तस्वीर नहीं, बल्कि मौसम के बदलते मिजाज की कहानी है। यह बताता है कि अब मौसम पहले जैसा स्थिर नहीं रहा, बल्कि तेजी से बदल रहा है।



### आसमान में 1000 किलोमीटर लंबी बादलों की दीवार

मार्च के महीने में जहां हमें पसीना छुड़ा देने वाली गर्मी की आदत होने लगी थी, वहीं कुदरत ने एक ऐसा 'यू टर्न' लिया है, जिसने वैज्ञानिकों को भी हैरान कर दिया है। आसमान में बादलों की एक ऐसी लंबी कतार बनी है, जो अफगानिस्तान से शुरू होकर पाकिस्तान के रास्ते भारत के दिल (दिल्ली एनसीआर) तक पहुंच गई है। यह एक दुर्लभ खगोलीय घटना है, जिसे वैज्ञानिक 1000 किलोमीटर लंबी बादलों की दीवार कह रहे हैं। इसकी वजह से अफगानिस्तान, पाकिस्तान और उत्तर भारत का मौसम एक साथ बदल गया है। आमतौर पर वेस्टर्न डिस्टर्बेंस गोल या लहरदार आकार में आता है। लेकिन, इस बार यह एक सीधी लाइन की तरह बना है। यह लाइन अफगानिस्तान से शुरू होती है, पूरे पाकिस्तान को पार करती है और भारत के उत्तर पश्चिमी राज्यों तक फैली हुई है।

### अचानक क्यों बदला मौसम

मौसम में इस बदलाव के पीछे हवा का रुख बदलना और ऊपर बने सिस्टम को वजह माना जा रहा है। यही कारण है कि कुछ दिन पहले तक जहां तेज धूप और गर्मी महसूस हो रही थी, वहीं अब बादल, बारिश और ठंडी हवा का असर दिखने लगा है। वैज्ञानिकों का मानना है कि भूमध्य सागर से आने वाली नमी भरी हवाएं (वेस्टर्न डिस्टर्बेंस) इस बार काफी सक्रिय हैं, जो उत्तर भारत में बारिश और पहाड़ों पर बर्फबारी ला रही हैं। इसके साथ ही बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना एक एंटी साइक्लोनिक सर्कुलेशन क्षेत्र नमी को खींचकर मध्य भारत की ओर धकेल रहा है।

### सैटेलाइट तस्वीरों में क्या दिखा

हाल की तस्वीरों में भारत का बड़ा हिस्सा मोटे बादलों से ढका नजर आया। इन तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है कि एक विशाल क्लाउड सिस्टम अरब सागर से लेकर बंगाल की खाड़ी तक फैला हुआ है। यह नजारा आम दिनों से बिल्कुल अलग है। कई बार बादल किसी एक इलाके तक सीमित रहते हैं, लेकिन इस बार उनका फैलाव काफी ज्यादा है, जिससे साफ है कि मौसम बड़े स्तर पर बदला है। भारतीय मौसम विभाग और अंतरराष्ट्रीय सैटेलाइट्स ने उत्तर से लेकर दक्षिण भारत तक भारी बारिश और ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया है।

## बिल्ली के मां बनने पर घर वालों ने मनाया जश्न पूरे खानदान को दी पार्टी



**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर वायरल होने के लिए लोग कुछ भी करने को तैयार हैं। रील के लिए लोग अजीबोगरीब हरकतें भी कर रहे हैं। इंटरनेट पर कुछ ऐसे वीडियो देखने को मिलते हैं, जो बेहद हैरान करने वाले होते हैं। अब इन दिनों एक ऐसा वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें पूरा खानदान समेत बिरयानी पार्टी कर रहा है। लेकिन, इस पीछे की वजह जानकर आप चौंक जाएंगे। इसके पीछे की वजह घर में पाली गई बिल्ली है। परिवार ने पालतू बिल्ली के मां बनने पर घर को इतना अच्छे सजाया, जैसे किसी की शादी हो। हर तरफ मेहमान दिख रहे है तो वहीं बिल्ली को नई ड्रेस पहना गया है और उसके सिर पर क्राउन पहनाया है। सबसे खास बात यह है कि घर आने वाले मेहमान बिल्ली के बच्चों को पैसे भी दे रहे हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि बिल्ली मेहमानों से घिरी है और उसके सामने केक रखा है।

### केक काटने के बाद बिरयानी की पार्टी

वीडियो में देखा जा सकता है कि पूरे परिवार के लिए बिरयानी रखा हुआ है। लोग एक साथ बैठकर बिरयानी खा भी रहे हैं। यह सभी इंतजाम बिल्ली के मां बनने पर किया गया है। सोशल मीडिया पर वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो पर लोग प्रतिक्रिया भी दे रहे हैं। एक शख्स ने लिखा है- बिरयानी खाने का बहाना चाहिए बस।

## भविष्य का शहर है!

## पानी के एटीएम से लेकर जिम तक है इस गांव में




**मुंबई।** महाराष्ट्र के एक छोटे से गांव ने अपनी सोच और काम से इंटरनेट पर लोगों का ध्यान खींच लिया है। आडाचीवाडी नाम का यह गांव अपनी अनोखी सुविधाओं और अनुशासन के कारण वायरल हो रहा है। इस गांव का वीडियो कंटेंट क्रिएटर सार्थक सचदेवा ने शेयर किया है, जिसे लाखों लोग देख चुके हैं।

### गांव की खासियत क्या है

वीडियो में दिखाया गया है कि सुबह-सुबह गांव के सभी लोग मिलकर सफाई करते हैं। यह यहां की रोज की आदत है, जो उनके सामूहिक जिम्मेदारी के भाव को दर्शाती है। गांव की सड़कें साफ-सुथरी हैं और हर जगह स्वच्छता का खास ध्यान रखा जाता है। इस गांव की सबसे खास बात है यहां का 'वॉटर एटीएम' सिस्टम। यहां लोग कार्ड स्वाइप करके सिर्फ 25 पैसे में पीने का पानी ले सकते हैं। साथ ही, गांव में एक अच्छा जिम भी है, जहां सिर्फ 300 रुपए महीने में सदस्यता मिल जाती है।

### शिक्षा में भी आधुनिकता

आडाचीवाडी में बच्चों की पढ़ाई भी आधुनिक तरीके से होती है। स्कूलों में रंग-बिरंगी कक्षाएं हैं और बच्चों को टैबलेट और स्मार्टवॉच जैसी सुविधाएं दी जाती हैं। दिलचस्प बात यह है कि गांव में पुलिस की मौजूदगी नहीं है, फिर भी यहां अपराध लगभग नहीं के बराबर है। इसका कारण लोगों के बीच आपसी विश्वास और अच्छे संस्कार बताए जाते हैं।

## समुद्र का 'धुरंधर' बना ये डॉल्फिन, 20 फीट ऊंची छलांग लगाकर दुनिया को किया हैरान

**मेक्सिको सिटी।** समुद्र की लहरों के बीच से एक 250 पाउंड (करीब 113 किलो) वजनी डॉल्फिन का 20 फीट ऊंची छलांग लगाना कोई मामूली बात नहीं है। मेक्सिको के तट पर कैमरे में कैद हुई यह तस्वीर न केवल फोटोग्राफी का एक मास्टरपीस है, बल्कि वैज्ञानिकों को भी सोचने पर मजबूर कर रही है। समंदर की लहरों के बीच से अचानक एक मिसाइल की तरह 250 पाउंड (लगभग 113 किलो) की डॉल्फिन बाहर निकली और उसने गुरुत्वाकर्षण को ठेंगा दिखाते हुए करीब 20 फीट की ऊंचाई तक छलांग लगा दी. यह नजारा मेक्सिको के तट पर देखने को मिला। इस अद्भुत पल को वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर क्रिस्टोफर स्वान ने अपने लेंस में कैद किया है। अब इसे 'वन्स इन ए लाइफटाइम' शॉट कहा जा रहा है। देखते ही देखते सोशल मीडिया पर यह तस्वीर आग की तरह फैल रही है।



### कैमरे ने कैद किया परफेक्ट मोमेंट

वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर क्रिस्टोफर स्वान ने इस अद्भुत पल को अपने लेंस में कैद किया है। तस्वीर में डॉल्फिन बिल्कुल सीधी खड़ी नजर आ रही है, जैसे वह पानी से निकलकर आसमान को छूना चाहती हो। डॉल्फिन का शरीर पानी की बूंदों से लथपथ है और उसकी मांसपेशियों की ताकत साफ देखी जा सकती है। 20 फीट की यह ऊंचाई एक दोमंजिला इमारत के बराबर है, जो इस जीव की अद्भुत शारीरिक क्षमता को दर्शाती है। इतने भारी शरीर के साथ हवा में इतनी ऊपर जाना किसी चमत्कार से कम नहीं है।

### इंसानी समझ से परे है इनकी फुर्ती

स्पिनर डॉल्फिन अपनी हवा में कलाबाजियों और शरीर को गोल घुमाने के लिए ही जानी जाती हैं। लेकिन, 20 फीट की ऊंचाई तक पहुंचना बहुत दुर्लभ माना जाता है। यह छलांग बताती है कि समंदर के नीचे रहने वाले ये जीव कितने शक्तिशाली और फुर्तीले होते हैं। इस तस्वीर ने सोशल मीडिया पर भी तहलका मचा दिया है। लोग इसे 'नेचर की इंजीनियरिंग' का बेहतरीन नमूना बता रहे हैं। यह नजारा हमें याद दिलाता है कि हमारे महासागरों में अभी भी ऐसे कई रहस्य और अद्भुत जीव छिपे हैं, जिन्हें समझना और बचाना बेहद जरूरी है।













हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com